संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, बुधवार 22 नवंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 08 अंक: 312 पृष्ठ: 12 | RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



ऑस्ट्रेलिया ने भारत के तीसरी बार चैंपियन बनने का सपना तोड़ दिया। हार के बाद भारत के ड्रेसिंग रूम में पीएम मोदी ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर हौसला बढ़ाया।



# विज ने निवास पर सुनी लोगों की समस्याएं

## युवती को शादी का झांसा देकर युवक ने बलात्कार किया, विज ने कुरुक्षेत्र एसपी को जांच के निर्देश दिए

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने अंबाला में अपने आवास पर लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को कार्रवाई के दिशा-निर्देश दिए। रेवाड़ी से आए दंपत्ति ने गृह मंत्री अनिल विज को शिकायत देते हुए बताया कि उनकी 15 वर्षीय बच्ची सरकारी स्कूल में छात्रा है। गत दिनों वह स्कूल गई थी और तभी से लापता है। उनका आरोप था कि पुलिस ने केस दर्ज करने के बावजूद मामले में ठोस कार्रवाई नहीं की। गृह मंत्री अनिल विज ने एसपी रेवाड़ी को फोन लगाते हुए मामले में सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ह्वबच्ची के मां-बाप रोते हुए रेवाड़ी से अम्बाला पहुंचे हैं आप इस मामले में सख्त से सख्त कार्रवाई करोह्व। गृह मंत्री ने इस



मामले की जांच सीआईए स्टाफ से कराने के निर्देश भी दिए। शाहबाद से फरियाद लेकर आई युवती ने अपनी शिकायत देते हुए बताया कि उसके जानकार युवक ने उससे शादी का झांसा देकर उसके साथ बलात्कार किया और अब युवक इटली चला गया है। युवती का आरोप था कि युवक के परिजनों ने भी पहले शादी के लिए हामी भरी थी। गृह मंत्री अनिल विज ने मामले में कुरुक्षेत्र एसपी को कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी प्रकार, पंचकूला से आई महिला ने अपने जज पति पर प्रताड़ित करने के आरोप लगाए। उसने बताया कि पंचकूला पुलिस को उसने शिकायत दी थी, मगर पुलिस ने केस में आई धाराओं को नहीं जोड़ा। गृह मंत्री ने पंचकूला पुलिस कमिश्नर को मामले में एसआईटी गठित कर जांच के निर्देश दिए। वहीं, यमुनानगर में युवक पर जानलेवा हमला करने के मामले में एसपी यमुनानगर को जांच के निर्देश

**जनसुनवाई**

8 विज ने कबूतरबाजी के मामलों के लिए गठित एसआईटी को जांच के निर्देश दिए। अन्य मामलों में भी कार्रवाई के निर्देश दिए

गृह मंत्री अनिल विज ने दिए। कैथल से आए व्यक्ति ने उसे जर्मनी भेजने के नाम पर एजेंट द्वारा आठ लाख रुपए की ठगी करने के आरोप लगाए।
गृह मंत्री अनिल विज ने कबूतरबाजी के मामलों के लिए गठित एसआईटी को जांच के निर्देश दिए। इसी प्रकार, अन्य मामलों में भी कार्रवाई के निर्देश गृह मंत्री अनिल विज द्वारा दिए गए।

## हरियाणा पुरातन समय से व्यापार का रहा है केंद्र

**चंडीगढ़:** वसुधैव कुटुम्बकम - व्यापार से एकजुटता का हरियाणा पुरातन काल से ही संदेश दे रहा है। व्यापार में समान अवसर और भागीदारी के सिद्धांत पर चलने का संदेश हरियाणा में पुरातन काल से रहा है। हिसार के राखीगढ़ी में सिंधु घाटी सभ्यता से जुड़ी सात हजार साल पुरानी सभ्यता में भी खुदाई के दौरान साक्ष्य मिले है कि यहां कुंटुब के लोग आदिकाल से ही व्यापार करते आए हैं ।
प्रगति की इसी राह पर हरियाणा समान अवसर के संकल्प पर चलकर औद्योगिक क्रान्ति का परिचायक बना हुआ है। मुख्यमंत्री की प्रगतिशील सोच के चलते हरियाणा मैनुफैक्चरिंग हब के रूप में आगे बढ़ा है। दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में हरियाणा के अनादि काल से लेकर अब तक हो रहे व्यापार को बखूबी दर्शाया गया है।

## अलग-अलग मामलों में मोटर साईकिल चोरी के 04 आरोपी गिरफ्तार




**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र ( दलबीर मलिक)**
**जिला** पुलिस ने अलग-अलग मामलों में मोटरसाईकिल चोरी के 04 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने मोटरसाईकिल चोरी करने के आरोप में प्रिन्स उर्फ पप्पू पुत्र लाल सिंह वासी सुरता सिंह फार्म मुर्तजापुर, लखविन्द्र सिंह उर्फ काका पुत्र सतनाम सिंह वासी ईन्द्रा कालोनी मुर्तजापुर तथा नितेश उर्फ काका पुत्र सतीश कुमार वासी साईं कालोनी लाडवा हाल वासी बालाजी कालोनी बाबैन रोड लाडवा, हर्ष पुत्र लखबीर सिंह वासी ईन्द्रा कालोनी मुर्तजापुर हाल वासी दीवान कालोनी पेहवा जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार कर मामलों में चोरी हुई 06 मोटरसाईकिलें व 04 लावारिस मोटरसाईकिलें बरामद करने में सफलता हासिल की है।

## पेंटिंग प्रतियोगिता में भागीदारी के लिए जिला कुरुक्षेत्र को किया सम्मानित



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**जिला परियोजना अधिकारी संतोष शर्मा व सहायक परियोजना अधिकारी राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन पंचकूला के इंद्रधनुष ऑडिटोरियम सेक्टर -5 में आयोजन किया गया जिसमें जिले के दोनों समूहो के प्रथम ,द्वितीय व तृतीय विजेताओं ने भाग लिया। जिला संयोजक यूथ एंड इको क्लब श्री नरेश कुमार शर्मा व जिला शिक्षा अधिकारी, कुरुक्षेत्र श्री रोहतास वर्मा ने बताया कि यह पेंटिंग प्रतियोगिता जिलों के सरकारी व निजी स्कूलों में 28 अक्टूबर तक आयोजित की गई थी। जिसमें जिला कुरुक्षेत्र के 1080 सरकारी व निजी स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया था। इस प्रतियोगिता में जिला कुरुक्षेत्र के कक्षा 5 से 7 तक के बच्चे ग्रुप ए में 45365 तथा कक्षा 8 से 10 के ग्रुप बी में 42561 कुल 87926 बच्चों ने भाग लिया था राज्य स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता के कार्यक्रम में सम्मानित करने के

**बेहतरीन प्रदर्शन**

8 पेंटिंग प्रतियोगिता के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का किया गया था पंचकूला में आयोजन

लिए जिला परियोजना संयोजक श्रीमती संतोष शर्मा ने व जिला शिक्षा अधिकारी रोहतास वर्मा ने परिषद में एसोसिएट कंसलटेंट रामकुमार जी का धन्यवाद करते हुए कहा कि जब किसी के उत्कृष्ट कार्य को सम्मान मिलता है तो फिर और अधिक उत्साह के साथ कार्य करने की प्रेरणा मिलती है ।जिला सहायक परियोजना संयोजक राजेश कुमार भारद्वाज ने कहा कि अपने जिले के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, प्रतापगढ़ के दो बच्चे कक्षा सातवीं का यश कुमार और कक्षा नौवीं की ज्योति परिहार को परितोष देकर सम्मानित किया गया। कला-अध्यापक श्री प्रवीण कुमार भी उनके साथ रहे ।दोनों बच्चों को 7500,7500 रुपए की राशि नगद दी गई।

## गीता महोत्सव में असम कल्चर विलेज मे नजर आएगी असम की सांस्कृतिक धरोहर

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 में असम कल्चरल विलेज में असम प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर पर्यटकों को देखने के लिए मिलेंगी। इस सांस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित करने के लिए असम सरकार की तरफ से ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग में असम पेवेलियन का निर्माण किया जाएगा। इस पेवेलियन में असम कल्चरल विलेज का स्वरुप देने का अनोखा प्रयास किया जाएगा। अहम पहलू यह है कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में इस वर्ष प्रदेश सरकार की तरफ से असम को पार्टनर राज्य के रुप में आमंत्रित किया है।
असम सरकार की तरफ से ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग में असम पेवेलियन का निर्माण करने के उद्देश्य से 4 अधिकारियों के



एक दल ने ब्रह्मसरोवर का अवलोकन किया। यहां पर उपायुक्त शांतनु शर्मा व कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड की तरफ से मानद सचिव उपेंद्र सिंघल से असम पेवेलियन का निर्माण करने के लिए असम सरकार के सांस्कृतिक कार्य विभाग की निदेशिका मीनाक्षी दास नाथ, सांस्कृतिक विभाग की उप सचिव नैना बोहरा, नीलम दास व राजन एंगटी ने चर्चा की है। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 का आयोजन 7 दिसंबर से 24 दिसंबर तक ब्रह्मसरोवर पर किया जा रहा है। इस महोत्सव के मुख्य कार्यक्रम 17 दिसंबर से 24 दिसंबर तक चलेंगे और उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। उन्होंने महोत्सव के तमाम कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि इस महोत्सव के सरस और क्राफ्ट मेले का अवलोकन करने के लिए देश प्रदेश से लाखों

**असम संस्कृति**

8 असम सरकार की तरफ से ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग में असम पवेलियन का निर्माण किया जाएगा

की संख्या में पर्यटक और श्रद्धालु पहुंचते है। इसके अलावा ऑनलाइन प्रणाली से विभिन्न देशों के लोग भी महोत्सव के साथ जुड़े रहते है। इस महोत्सव का लोग बेसब्री के साथ इंतजार करते है। इस वर्ष असम पार्टनर राज्य के रुप में अपनी भागीदारी को सुनिश्चित कर रहा है। इस राज्य की तरफ से 17 दिसंबर से 24 दिसंबर तक ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग में असम पेवेलियन की स्थापना की जाएगी। इस पेवेलियन में असम प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को सजाया जाएगा और दूर-दराज से आने वाले पर्यटक और यात्री इस वर्ष महोत्सव में असम प्रदेश की संस्कृति से रूबरू हो सकेंगे। इस उद्देश्य के साथ ही असम सरकार के सांस्कृतिक विभाग की तरफ से अधिकारियों का दल तैयारियां करने के उद्देश्य से कुरुक्षेत्र पहुंचा है। केडीबी के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल ने कहा कि असम सरकार की तरफ से पुरुषोत्तमपुरा बाग में असम पेवेलियन के अंदर असम कल्चरल विलेज बनाने का प्रयास किया जाएगा।
इस विलेज में असम सरकार की उपलब्धियों को लेकर प्रदर्शनी, असम की शिल्पकला, असम का खान पान व असम के टेरिबल क्षेत्र के सांस्कृतिक कार्यक्रम, सोविनियर मुख्य आकार्षण का केंद्र रहेंगे।

## 6 हजार रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार

**चंडीगढ़:** एंटी करप्शन ब्यूरो फरीदाबाद की टीम ने एक सप्ताह के भीतर दूसरी बड़ी उपलब्धि हासिल की है। टीम द्वारा आज बल्लभगढ़ हल्का पटवारी सहदेव के निजी सहायक नवीन कुमार को शिकायतकर्ता के मकान का इंतकाल दर्ज करने की एवज में ?6000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। इस बारे में जानकारी देते हुए हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि बल्लभगढ़ हल्का पटवारी सहदेव तथा निजी सहायक नवीन कुमार द्वारा मकान का इंतकाल दर्ज करने की एवज में 8000 की रिश्वत की मांग की गई है ।इसके बाद टीम ने मामले की पुष्टि करते हुए आरोपियों को पकड़ने के लिए योजना बनाई और हल्का पटवारी सहदेव के निजी सहायक नवीन कुमार को 6000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ने में सफलता हासिल की। इस मामले में आरोपी नवीन कुमार ने 20 नवंबर को ?2000 की रिश्वत पहले ली थी।

## 'युवाओं को ध्यान खेल प्रतियोगिताओं में लगाना चाहिए'

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
गांव मथाना में ग्राम पंचायत मथाना व ग्रामीण युवाओं द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने रिबन काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। नेता संदीप गर्ग ने कहा कि आज कल युवा नशे की ओर बढ़ता जा रहा है, जो सरासर गलत है। नशे की ओर नहीं जाना चाहिए। क्योंकि सेहत व अपने आप के लिए हानिकारक है, नशे से घर तक



बर्बाद हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि आज का युवा ही देश का भविष्य है, युवाओं को अपना ध्यान खेल प्रतियोगिताओं में लगाना चाहिए ताकि वह जीवन में आगे बढ़ सकें और कुछ कर सकें। उन्होंने कहा कि हरियाणा मिट्टी का राज्य माना गया है और कबड्डी एक ऐसा खेल है, जो मिट्टी में ही खेला जाता है। इसलिए युवाओं को कबड्डी जैसी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढकर भाग लेना चाहिए ताकि कुछ सिख भी सकें और खेलकर

**शुभारंभ**

8 मुख्यातिथि के रूप में नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने रिबन काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया

अपना व अपने माता-पिता का भी नाम रोशन कर सकें। वहीं ग्रामीण युवा आदित्य ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 20 टीमों ने भाग लिया। जो कि गांव सूरा, लौहारा, मथाना, सोनीपत, आदि से थी।

## गांव में गाय पालने हेतू पीजी (पेईंग गैस्ट) खोली जानी चाहिए: विज



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने गोपाष्टमी के पावन अवसर पर कहा कि शहरीकरण के कारण जो लोग घरों में गाय नहीं पाल सकते उनके लिए गांव में गाय पालने हेतू पीजी (पेईंग गैस्ट) खोली जानी चाहिए। लोगों को गाय रखनी चाहिए और सामाजिक एवं अन्य संस्थाओं को इसके लिए व्यवस्था भी करनी चाहिए क्योंकि आज पुरानी परंपरा पर लोगों का लौटना जरूरी है। विज ने आज अम्बाला छावनी स्थित रामबाग गौशाला में गौशाला समिति की ओर से आयोजित हवन में भाग लिया और गऊओं को चारा खिलाकर गौसेवा भी की। विज ने इस अवसर पर कहा कि जमाने ने तेजी से तरक्की की है, पहले लोग गौसेवा के लिए गाय पालते थे, मगर आज कुत्ते पाल रहे हैं। इसी प्रकार, पहले घर में फूल उगाते थे, अब कैकटस लगा रहे हैं। इसका जमाने के व्यवहार पर असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि गाय हमारी संस्कृति और समाज का हिस्सा है। जो जन्म देती है, उसको माता कहते है और जो पालन करती है, उसको भी माता कहा जाता है।
गाय भी मनुष्य का पालन करती है और इसका दूध, गोबर सभी मनुष्य के काम आता है। गृह मंत्री विज ने बताया कि गौशाला बनाने को लेकर सरकार भी विचार कर रही है।

**व्यवस्था**

8 लोगों को गाय रखनी चाहिए और सामाजिक एवं अन्य संस्थाओं को इसके लिए व्यवस्था भी करनी चाहिए

## सैनिक स्कूल कुंजपुरा में कक्षा छठी व 9वीं के दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** सैनिक स्कूल कुंजपुरा, करनाल द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-2025 के लिए कक्षा छठी व नौवीं में दाखिले के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। पात्र अभ्यर्थी वेबसाइट एक्जाम. एनटीए.एसी.इन/एआईएसएसईई पर आगामी 16 दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इन कक्षाओं में दाखिले हेतु अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा (एआईएसएसईई) 2024 का आयोजन 21 जनवरी,2024 को होगा। परीक्षा ओएमआर शीट पर बहुविकल्पीय प्रश्नावली के रूप में होगी। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा छठी में प्रवेश हेतु छात्रों की जन्मतिथि पहली अप्रैल, 2012 तथा 31 मार्च, 2014 (दोनों तिथियां मान्य) के बीच होनी चाहिए।

## छात्र छात्राओं को गांवों के लिए बसे पुराने बस अड्डे से मिले: देशवाल

**ज्ञापन**

8 स्टूडेंट ऑगेनाईजेशन ने छात्र छात्राओं की रोड़वेज बसों की समस्याओं को लेकर तहसीलदार विरेंद्र गिल को ज्ञापन सौंपा

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/कमाल हुसैन**
छात्र संगठन इंडियन नेशनल स्टूडेंट ऑर्गेनाइजेशन ने छात्र छात्राओं की रोड़वेज बसों की समस्याओं को लेकर तहसीलदार विरेंद्र गिल को ज्ञापन सौंपा। इनसो छात्र नेता बलराज देशवाल और इनसो राष्ट्रीय महासचिव राजेंद्र जैलदार ने बताया की कुछ समय पहले



पानीपत में सिवाह स्थित नए बसस्टैंड से बसों का संचालन कर दिया गया है। लेकिन अब 3, 4 दिन पहले लोकल ग्रामीण क्षेत्र में पुराने बस स्टैंड से चल बसों का संचालन नए बस स्टैण्ड से कर दिया गया है। इसलिए इन बसों का संचालन पुराने बसस्टैंड से ही रखा जाये क्यूंकि पानीपत के सभी प्राइवेट और राजकीय कॉलेज तथा सभी कोचिंग सेंटर पुराने बसस्टैंड के पास में ही हैं। जिसमे कई हजारो की सँख्या में छात्र छात्राएं पानीपत अपनी पढ़ाई करने आते है अगर बसे पुराने बस स्टेण्ड से नहीं चलाई गई तो कई हजारों छात्र छात्राओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा और छात्र छात्राओं की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा । इनसो छात्र नेताओं ने ब्ताया की पुराने बस स्टैण्ड को बंद करना प्रशासन का गलत फैसला है पुराने बस स्टैण्ड के बंद होने से इसका सबसे ज्यादा प्रभाव सैकड़ो गांवो से पानीपत में कॉलेजों और अन्य शिक्षण संस्थानो मै पढने आने वाले हजारों छात्र छात्राओं के भविष्य पर पड़ेगा। क्योकि छात्र छात्राओं को समय पर कॉलेज नहीं पहुंच पाऐंगे जिससे छात्रों की पढाई प्रभावित होगी। इस अवसर पर अमन शर्मा, सावन जागलान, पंकज सिंह, अमित कुमार आदि छात्र मौजूद थे।

## डीसी ने निर्वाचन आयोग के अधिकारियों के साथ की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**उपायुक्त** एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतानुसार जिला में 27 अक्तूबर 2023 से 09 दिसम्बर 2023 तक वोट सम्बधी दावे तथा आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। सभी पात्र व्यक्ति जिनकी आयु 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष या उससे अधिक हो गई है, वह फार्म नं. 6 भरकर सम्बन्धित मतदान केन्द्र के बूथ लेवल अधिकारी के पास अपना नाम फोटोयुक्त मतदाता सूची में दर्ज करवाने हेतू जमा करवा सकते हैं। इस सम्बध में उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.शालीन ने अपने कार्यालय में सम्बधिंत अधिकारियों की एक बैठक लेकर



भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों अनुसार समय पर कार्य पूर्ण करने के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला के एसडीएम एवं निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं सीटीएम, सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों, डेडिकेटिड सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों तथा निर्वाचन कार्यालय के स्टॉफ को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि फार्म नं. 6 के साथ जन्म प्रमाण पत्र, निवास स्थान के प्रूफ की प्रति तथा दो रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो लगाया जाना अनिवार्य है। ऐसे मतदाता जो स्थान छोडकर चले गए हैं अथवा जिनकी मृत्यु हो गई है के नाम मतदाता सूची से हटाने हेतू फार्म नं. 7 भरकर बूथ लेवल अधिकारी के पास जमा करवा सकते हैं। मतदाता जिनके ब्यौरे में किसी प्रकार की अशुद्धि है, वह फार्म नं.8 भरकर बूथ लेवल अधिकारी के पास जमा करवा सकते हैं। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशांनुसार मुख्यालय द्वारा जिला में विशेष अभियान की तिथियां 25 नवम्बर 2023 (शनिवार), 26 नवम्बर 2023 (रविवार) निर्धारित की गई हैं। इस सम्बन्ध में उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिला के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी, सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों, डेडिकेटिड सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों तथा निर्वाचन कार्यालय के स्टॉफ को बैठक में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होनें कहा कि जिला अम्बाला में 27 अक्टूबर, 2023 से दिनांक 20 नवम्बर 2023 तक प्राप्त दावे तथा आपत्तियों का निपटान 21 नवम्बर 2023 तक करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने घर-घर सर्वे का कार्य जो कि 90.66 प्रतिशत हुआ है वह भी सम्पन्न करवाने बारे निर्देश दिए हैं। इसके अतिरिक्त घर-घर सर्वे के दौरान जो मतदाता शिफिटड/मृत्यु मार्क हुए हैं। उनके फार्म भी प्राप्त करके उन्हें बीएलओ एप द्वारा फीड करवाने के निर्देश दिए हैं।

**निर्देश**

8 मतदाता शिफिटड/मृत्यु मार्क हुए हैं। उनके फार्म भी प्राप्त करके उन्हें बीएलओ एप द्वारा फीड करवाने के निर्देश दिए

## स्वीटी रंगा नलवी ने पौधारोपण कर मनाया अपना जन्मदिन

**पौधारोपण**

8 स्वीटी रंगा नलवी ने अपने जन्मदिन के अवसर पर दो बेटियों का ग्रेजुएशन का दाखिला भरा

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/** शाहबाद (दलबीर मलिक) स्वीटी रंगा नलवी ने अपने जन्मदिन के अवसर पर सासू मां का आशीर्वाद लेते हुए जन्मदिन को धूमधाम से मनाया। स्वीटी रंगा ने अपने जन्मदिन के अवसर पर दो बेटियों का ग्रेजुएशन का दाखिला भरा जिसमें एक दाखिला रिटायर्ड लेक्चर



अजमेर संभालखी नेअपने आर्थिक सहयोग से किया। स्वीटी रंगा ने रिटायर्ड लेक्चर अजमेर का बहुत-बहुत धन्यवाद किया ।स्वीटी रंगा ने अपनी सासू मां को एक गमला और पौधा दान किया पर्यावरण की सुरक्षा के लिए । समाजसेवी मिहा सिंह सिंह रंगा ने कहा कि हम सबको अपने जन्मदिन के अवसर पर अधिक से अधिक पौधारोपण जरूर करना चाहिए ताकि हमारा पर्यावरण सुरक्षित रहे और हमारा जीवन सुरक्षित रहे।

# पराली: हरियाणा सरकार के प्रयासों पर 'सुप्रीम मुहर'

## पराली जलाने पर अंकुश लगाने का प्रयास: सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा का जिक्र करते हुए पंजाब को दी नसीहत, सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी से हुआ साफ, पराली जलाने का दोषी कौन: मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री ने जारी की तीन साल की रिपोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ दीपिका शर्मा**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए हरियाणा सरकार के प्रयासों पर मुहर लगाने वानी सुप्रीम कोर्ट की उस टिप्पणी का स्वागत किया, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने पराली से संबंधित वित्तीय प्रोत्साहन देने के तरीके के लिए पंजाब को हरियाणा से सीख लेनी की नसीहत दी है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अपनी टिप्पणी से पूरी तरह से स्पष्ट कर दिया है कि वास्तव में पराली के मामले में दोषी कौन है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने पराली जलाने की समस्या को गंभीरता से लिया है और किसानों के सहयोग से पराली जलाने की घटनाओं में कमी लाने में काफी सफलता पाई है। मनोहर लाल ने कहा कि प्रदूषण एक ऐसा मुद्दा है, जो स्वास्थ्य से संबंधित है और इस पर राजनीति नहीं होनी





चाहिए। इस समस्या के समाधान के लिए हम सभी को मिलकर काम करने की जरूरत है। पिछले दिनों प्रदूषण के कारण ऐसे हालात हो गए कि कुछ स्थानों पर स्कूल बंद करने पड़े। इसलिए फिर से ऐसे हालात पैदा ना हो इसके लिए हमें मिलकर काम करना होगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि पराली जलाने पर अंकुश लगाने और आग की घटनाओं को सक्रिय रूप से कम करने के सरकार के अथक प्रयासों से पिछले वर्षों की तुलना में हरियाणा में पराली जलाने की घटनाओं में लगातार कमी आई है, जबकि पंजाब में पराली जलाने की घटनाएं ज्यादा हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2021 में हरियाणा में पराली जलाने की 5993 घटनाएं सामने आईं, जबकि वर्ष 2022 में यह घटकर 3233 हो गईं। वहीं वर्ष 2023 में पराली जलाने की घटनाएं घटकर 1986 हो गईं। इस तरह वर्ष 2022 से 2023 के बीच हरियाणा में पराली जलाने की घटनाओं में 39 प्रतिशत की कमी आई है। हरियाणा की तुलना में पंजाब में वर्ष 2023 में पराली जलाने की 31932 घटनाएं सामने आई हैं, जो कि हरियाणा से कहीं अधिक है और दिल्ली एनसीआर के प्रदूषण का मुख्य कारण है।

मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश में लगातार घट रही पराली जलाने की घटनाओं से साबित होता है कि

**सुप्रीम टिप्पणी**

**8 सुप्रीम कोर्ट ने अपनी टिप्पणी से पूरी तरह से स्पष्ट कर दिया है कि वास्तव में पराली के मामले में दोषी कौन है**

फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर हरियाणा सरकार ने किसानों को जागरूक करने के प्रयास धरातल पर सफल साबित हुए हैं। राज्य सरकार पराली के जीरो-बर्निंग लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पूरा प्रयास कर रही है। पराली न जलाने को लेकर हरियाणा सरकार न केवल जागरूकता अभियान चला रही है बल्कि हरियाणा सरकार द्वारा पराली न जलाने व पराली के उचित प्रबंधन के लिए एक हजार रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि का प्रावधान भी किया है।

# नंदलाल शर्मा बने हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग के चेयरमैन

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

सतलुज जल विद्युत निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) नंदलाल शर्मा हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग (एचईआरसी) के नये चेयरमैन होंगे। हिमाचल प्रदेश के सेवानिवृत्त आईएएस नंदलाल शर्मा ने बिजली निगमों के मौजूदा चेयरमैन एवं रिटायर्ड आइएएस अधिकारी पीके दास को इस दौड़ में पछाड़ते हुए हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग के चेयरमैन का पद हासिल किया है। इस पद के लिए 31 आवेदन आए थे, लेकिन पीके दास और नंदलाल शर्मा के नाम पैनल में भेजकर फैसला सरकार पर छोड़ दिया गया था। चेयरमैन के पद पर आरके पचनंदा का कार्यकाल 22 अक्टूबर को पूरा हो चुका है, तब से यह पद खाली चल रहा। नंदलाल शर्मा इससे पहले सतलुज जल विद्युत निगम में निदेशक (कार्मिक) के पद पर कार्यरत रहे हैं। सतलुज जल विद्युत निगम में भारत सरकार की 64.46 फीसद, हिमाचल सरकार की 25.51 फीसद व जनता की 10.03 फीसद की शेयर होल्डिंग है। यह निगम हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, गुजरात, राजस्थान व अरुणाचल प्रदेश के अलावा पड़ोसी देशों नेपाल व भूटान में विद्युत परियोजना का कार्यान्वयन कर रहा है। निगम की मौजूदा स्थापित क्षमता 1959.6 मेगावाट है, जिसमें 1912 मेगावाट जलविद्युत व 47.6 मेगावाट पनविद्युत शामिल है। हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले से संबंध रखने वाले नंदलाल ने बिलासपुर तथा ऊना जिले में सरकारी स्कूलों से प्रारंभिक शिक्षा के बाद डॉ.वाईएस परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी (सोलन) से बीएससी कृषि की शिक्षा प्राप्त की, जिसमें वे गोल्ड मेडलिस्ट रहे।

## न्यूज फ्लैश

### झज्जर: दूध डेयरी में मुख्यमंत्री उड़न दस्ते ने मारा छापा

**टीम एक्शन इंडिया/झज्जर**

दुग्ध उत्पादों में मिलावट की सूचना पर मुख्यमंत्री उड़न दस्ते द्वारा दुकानों व अन्य प्रतिष्ठानों में छापेमारी की जा रही है। इसी कड़ी में मंगलवार की सुबह एक दस्ते ने बहादुरगढ़ में दस्तक दी। यहां एक डेयरी में छापा मारकर दूध और अन्य प्रोडक्ट का निरीक्षण किया। इस दौरान दूध व घी के चार सेंपल लिए गए। सेंपल को जांच के लिए लैब भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी। वहीं उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम की टीम भी लोड की जांच के लिए पहुंची। यहां लोड अधिक पाया गया। इस पर निगम ने जुमार्ना ठोंक दिया। साथ ही जुमार्ना अदा न करने की सूरत में बिजली काट दी गई। अधिकारियों का कहना है कि जब तक जुमार्ना अदा नहीं किया जाएगा, तब तक बिजली सप्लाई नहीं दी जाएगी। मंगलवार की अल सुबह ही सीएम फ्लाइंग में इंस्पेक्टर अजीत सिंह और एसआई सहदेव की अगुवाई वाली टीम ने बहादुरगढ़ में दस्तक दे दी थी। यहां जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. राजेश वर्मा, बिजली निगम से जेई पवन कुमार व एलएम बिजेंद्र सैनी के साथ संयुक्त टीम बनाकर आर्य नगर की गली नंबर पांच स्थित एक डेयरी में छापा मारा गया। इस दौरान मौके पर 80 लीटर दूध गाय का, 250 लीटर दूध भैंस का और 30 लीटर दूध खुला हुआ पाया गया। इन तीनों के सेंपल खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से लिए गए। वहीं एक सेंपल घी का भी लिया गया। दूसरी तरफ बिजली निगम के अधिकारियों ने डेयरी में मौजूद उपकरणों और लोड की जांच की। इसमें खामियां पाए जाने पर अधिकारियों ने रिपोर्ट दर्ज कर दी। इस संबंध में डेयरी संचालक पर जुमार्ना लगाया जाएगा। नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जब तक जुमार्ना नहीं भरा जाएगा, तब तक कनेक्शन नहीं दिया जाएगा।

### गुरुग्राम से गाड़ी लेकर ऑस्ट्रेलिया टूर पर जाएगा अनमोल

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**

गुरुग्राम का युवक अनमोल अब स्कॉर्पियो गाड़ी से ऑस्ट्रेलिया का सफर तय करेगा। 100 दिन के इस सफर में वे 11 देशों को पार करके ऑस्ट्रेलिया जाएंगे। पूरी दुनिया में रोड से घूमकर वहां की संस्कृति को समझने और पर्यावरण के प्रति जागरुक करने का उनका सपना है। इस सपने को पूरा करने के लिए वह अलग-अलग देशों में जा रहे हैं। अनमोल बुधवार 22 नवम्बर 2023 को गुरुग्राम से साथी के साथ रवाना होगा। गुरुग्राम के रहने वाले अनमोल कहते हैं कि वह दुनिया की यात्रा गाड़ी में करने के साथ वहां की संस्कृति को वीडियो शूट के माध्यम से भारत के लोगों तक पहुंचाना चाहते हैं। बुधवार 22 नवम्बर को ऑस्ट्रेलिया का 20 हजार किलोमीटर का सफर तय करने के लिए वह गुरुग्राम से रवाना होंगे। इस सफर को वह 4 से 5 महीने में तय करेंगे। भारत से ऑस्ट्रेलिया पहुंचने तक वे 11 देशों का सफर तय करेंगे। भारत से ऑस्ट्रेलिया की यात्रा में 4 महीने में दो सदस्यों का 40 लाख रुपये खर्च आएगा। इस खर्च में गाड़ी की मैंटेनेंस से लेकर होटलों में रहने का भी खर्चा शामिल है। अनमोल ने अपनी गाड़ी के बोनट पर नमस्ते लिखवाया है, वहीं गाड़ी के चारों ओर खिड़कियों व अन्य जगहों पर उन देशों के नक्शे बनवाए हैं जिन देशों से वे गुजरेंगे।

बता दें कि अनमोल ने हाल ही में इंडिया टू लंदन का सफर भी सडक मार्ग से पूरा किया है। उन्होंने 30 देशों के साथ 21 हजार किलोमीटर का सफर पूरा किया। अनमोल बताते हैं कि उन्होंने भारत से लंदन का जब दौरा किया था तो उन्हें ईरान में भारतीय खाना मिलने में दिक्कत आई। हालांकि पहले से जानकारी होने की वजह से वह अपने साथ भारत से खाद्य पदार्थ लेकर गए थे। पैक्ड फूड लेकर वे गए थे और होटल में रुककर वह उस खाने को खाते थे। भारत से ऑस्ट्रेलिया के रूट को लेकर अनमोल ने बताया कि वह भारत से चलकर नेपाल में जाएंगे। नेपाल से चीन होते हुए लाओस, वियतनाम, कंबोडिया, थाईलैंड, म्यांमार, म्यांमार से वापस थाइलैंड, थाईलैंड से मलेशिया, सिंगापुर, इंडोनेशिया पहुंचेंगे। इंडोनेशिया से शिपिंग के जरिए ऑस्ट्रेलिया पहुंचेंगे। अनमोल चीन में पहुंचने के लिए उत्साहित हैं। ऑस्ट्रेलिया पहुंचने के बाद वह अपने साथी के साथ हवाई जहाज से वापस आएंगे। उनकी गाड़ी शिपिंग के माध्यम से भारत लायी जाएगी।

# शराब तस्करों के खिलाफ चले अभियान में दस दिन में 436 गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

यमुनानगर में जहरीली शराब कांड के बाद हरियाणा पुलिस ने अवैध रूप से शराब कारोबारियों के खिलाफ 11 नवंबर से विशेष अभियान चलाकर मात्र दस दिन में 436 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। हरियाणा पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने मंगलवार को चंडीगढ़ में बताया कि इस अभियान के तहत 11 नवंबर से लेकर 20 नवंबर तक 444 एफआईआर दर्ज की गई और 436 लोगों की गिरफ्तारी की गई है। कपूर ने बताया कि प्रदेश में अवैध शराब की बिक्री करने वाले खुर्दों को पकड़ने के लिए पुलिस विभाग की कई टीमें जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए सक्रियता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि अवैध शराब की बिक्री को रोकने के लिए प्रदेश में वरिष्ठ अधिकारी लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं ताकि तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपितों को तुरंत पकड़ा जा सके। आंकड़े साझा करते हुए उन्होंने बताया कि उक्त समय में पुलिस ने देसी शराब की 11,368 बोतल, अंग्रेजी शराब की 1449 बोतल, 774 बोतल बीयर के अलावा 2352 लीटर लाहन तथा 354 कच्ची शराब बरामद की है।

# 'शराब सप्लाई के लिए लागू होगा ट्रैक व ट्रेस सिस्टम'

## हरियाणा में शराब के उत्पादन और आपूर्ति की होगी निगरानी, 12 दिसंबर से लागू होगी प्रदेशव्यापी योजना

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ काजल रानी**

हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि राज्य में शराब आपूर्ति के लिए ट्रैक एवं ट्रेस सिस्टम क्रियान्वित किया जाएगा ताकि शराब बिक्री, उत्पादन एवं आवाजाही संबंधी सभी प्रकार की गतिविधियों की जानकारी मिल सके। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला मंगलवार को प्रदेश में शराब आपूर्ति के लिए ट्रैक एंड ट्रेस सिस्टम के कार्यान्वयन के संबंध में आयोजित आबकारी एवं कराधान विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में प्रधान



सचिव उत्पाद शुल्क एवं कराधान देवेन्द्र सिंह कल्याण, आयुक्त उत्पाद एवं कराधान अशोक कुमार मीणा, कलेक्टर आबकारी आशुतोष राजन और उत्पाद एवं कराधान विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा आबकारी नीति 2023-24 में यह एक्यूआर आधारित ट्रैक एंड ट्रेस सिस्टम लागू करने के लिए प्रावधान किया गया है। इस नीति के लक्ष्य के अनुरूप एनआईसी ने क्यूआर आधारित ट्रैक एंड ट्रेस सिस्टम विकसित किया गया है। इस ट्रैक एंड ट्रेस सिस्टम से शराब की आवाजाही, शराब के विभिन्न उत्पादन और आपूर्ति बारे विनियमन और निगरानी करने में सही समय पर पूरी जानकारी हासिल करने में मदद मिलेगी और सरकार को राजस्व भी सुनिश्चित होगा।

**योजना**

**8 इस दिशा में प्रत्येक डीजीसी बैठक की कार्यवाही रिपोर्ट 24 घंटों के भीतर जारी किया जाना अनिवार्य किया गया है**

# लोगों की शिकायतों के जल्द समाधान के लिए डीजीसी को बनाया सशक्त

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा में** प्रशासन को बेहतर बनाने और जनता की शिकायतों का प्रभावी ढंग से निपटान सुनिश्चित करने की दिशा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सभी जिला उपायुक्तों को जिला शिकायत समिति (डीजीसी) की बैठकों में शिकायतों के त्वरित समाधान के निर्देश दिये हैं। इस दिशा में प्रत्येक डीजीसी बैठक की कार्यवाही रिपोर्ट 24 घंटों के भीतर जारी किया जाना अनिवार्य किया गया है, ताकि बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी सभी संबंधित पक्षों को हो सके और समयबद्ध ढंग से पारदर्शी तरीके से लागू किया जा सके। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने उपायुक्तों को लंबित शिकायतों की जिलेवार सूची संकलित करने के भी निर्देश दिये हैं, जिन पर डीजीसी द्वारा निर्णय लिए जा चुके हैं, परंतु अभी तक लागू नहीं किए गए हैं। इस प्रकार की सूचियां से समाधान प्रक्रिया की निगरानी की जा सकेगी और निर्णयों के क्रियान्वयन में तेजी लाई जा सकेगी।

जवाबदेही और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए उपायुक्तों को मासिक रिपोर्ट मुख्य सचिव कार्यालय को भेजने के निर्देश दिए गए हैं, जिसमें कार्यान्वयन में किसी भी देरी के कारणों के साथ-साथ अनुमानित समय सीमा की भी जानकारी दर्ज हो।

**प्रभावी**

**8 सभी जिला उपायुक्तों को जिला शिकायत समिति (डीजीसी) की बैठक की कार्यवाही रिपोर्ट 24 घंटे के भीतर जारी करने के दिए निर्देश**

# रोहतक: डेरा सच्चा सौदा प्रमुख को मिली 21 दिन की पैरोल

**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**

सिरसा डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम को एक बार फिर जिला प्रशासन द्वारा 21 दिन की पैरोल दी गई। राम रहीम को पैरोल मिलने के बाद डेरा अनुयायियों में काफी खुशी का माहौल है। वहीं लोगों का कहना है राजस्थान चुनाव के मद्देनजर यह पैरोल मिली है। इससे पहले भी कई बार अन्य प्रदेशों में चुनाव के दौरान पैरोल दी गई थी। गुरमीत राम रहीम सिंह अब तीन सप्ताह तक बागपत के बरवाना आश्रम में रहेंगे।

# शशिकांत शर्मा बने चीफ विजीलेंस आफिसर

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन से अतिरिक्त निदेशक अभियोजन पद से सेवानिवृत्त शशिकांत शर्मा को प्रदेश सरकार ने नई जिम्मेदारी दी है। उन्हें सरकार ने चीफ विजिलेंस आफिसर नियुक्त किया है। उन्होंने नई जिम्मेदारी मिलने पर प्रदेश सरकार का आभार जताते हुए कहा कि वह अपनी जिम्मेदारी पर खरा उतरने को प्रतिबद्ध है। सरकार भ्रष्टाचार को समाप्त करने की दिशा में कड़े कदम उठा रही है। वह भी भ्रष्टाचार का सफाया करने के लिए प्रदेश सरकार के कार्यों को और आगे बढ़ाएंगे। कानूनविद शशिकांत शर्मा ने 1993 में लोक अभियोजक के रूप में अपनी सेवाएं आरंभ की थी। शशिकांत शर्मा छात्र जीवन से ही बहुमुखी प्रतिभा के धनी रहे हैं। वे स्कूल व कालेज की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़-चढकर भाग लेते थे। उन्हें अनेक अवसरों पर कालेज व यूनीवर्सिटी कलर से नवाजा गया।

शशिकांत शर्मा ने लोक अभियोजक के रूप में अपना करियर शुरू करते हुए सामाजिक गतिविधियों में भी खूब रूचि दिखाई। हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन में उन्होंने पुलिस कर्मियों और समाज में कानूनी सशक्तीकरण के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने सिपाही से लेकर भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों को प्रशिक्षित करते हुए



सैकड़ों व्याख्यान प्रस्तुत किए। शशिकांत शर्मा राष्ट्रीय पुलिस अकादमी हैदराबाद, पंजाब पुलिस अकादमी फिल्लौर सहित देश के प्रतिष्ठित प्रशिक्षण संस्थानों के नियमित अतिथि व्यख्याता रहे हैं। उन्होंने ज्ञान व कौशल को विकसित करते हुए पुलिस विभाग में कानूनी दृष्टिकोण विकसित करने में भी अहम भूमिका निभाई। यमुनानगर, करनाल व राजस्व विभाग में जिला न्यायवादी के पद पर रहते हुए अनेक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण मामलों में न्याय सुनिश्चित करने के लिए योगदान दिया। प्रदेश सरकार ने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए चीफ विजीलेंस आफिसर की नियुक्ति की है, जो कि तीन साल के लिए होगी। नवनियुक्त शशिकांत शर्मा ने कहा कि सरकार ने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने का संकल्प लिया है। उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह उसका इमानदारी व निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे।

# भाजपा की 24 नवंबर को पंचकूला में होगी बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी ने मिशन 2024 की तैयारी शुरू कर दी है। जिसके लिए पार्टी ने सभी विधायकों, सांसदों तथा पार्टी प्रतिनिधियों की एक बैठक 24 नवंबर को पंचकूला में बुलाई है। चुनाव से पहले भाजपा सिरसा व करनाल में दो रैलियों का आयोजन कर चुकी है, जिसमें गृहमंत्री अमित शाह ने भी भाग लिया था। इसके अलावा प्रदेश के सभी विधायक, सांसद व मंत्री राज्य में जनसंवाद कार्यक्रम भी कर रहे हैं। भाजपा ने अपनी चुनावी रणनीति को तेज करने के लिए अब एक बड़ी बैठक बुलाई है। इस बैठक में चुनाव को देखते हुए रैलियों का आयोजन करने तथा विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल आयोजन की रणनीति बनाई जाएगी। हरियाणा में सरकार व संगठन मिलकर इस यात्रा को एक उत्सव की तरह मना रहे हैं। इसके माध्यम से प्रदेश के प्रत्येक गांव में दस्तक दी जाएगी। भाजपा की 24 नवंबर को होने वाली बैठक में पार्टी के सभी विधायक, सांसद, मंत्री तथा संगठन के वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। इस बैठक में मुख्यमंत्री मनोहर लाल तथा भाजपा अध्यक्ष नायब सैनी विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। बैठक की खास बात यह है कि वर्ष 2019 में हुए पार्टी ने विधानसभा चुनाव में हारे उम्मीदवारों को भी बुलाया है। चुनाव हारने के बाद बहुत से उम्मीदवार ऐसे हैं, जो सरकार में एडजस्ट नहीं हो सके और अपने क्षेत्रों तक सिमट गए हैं। कई उम्मीदवार ऐसे भी हैं, जो इस समय राजनीतिक रूप से हाशिए




# गीता महोत्सव का धर्मनगरी कुरुक्षेत्र से अंतर्राष्ट्रीय तक का सफर

## मनोहर सरकार के प्रयासों से आज विदेशों में भी मनाया जा रहा अंतरराष्ट्रीयगीता महोत्सव, इस वर्ष कुरुक्षेत्र में 7 दिसंबर से 24 दिसंबर, 2023 तक होगा अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

श्रीमद्भगवद् गीता के कर्म के संदेश को अपने जीवन का आधार मानने वाले हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने सामाजिक परिवेश में सदैव लोगों को गीता के ज्ञान को अपनाने के लिए प्रेरित किया है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री के प्रयासों से हरियाणा सरकार द्वारा हर वर्ष अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाता है, जिसमें देश-विदेश से लाखों लोग हिस्सा लेते हैं। गौरतलब है कि वर्ष 1989 में कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा गीता की जन्मस्थली कहे जाने वाले कुरुक्षेत्र में जिला स्तर पर गीता जयंती कार्यक्रम मनाने की शुरूआत की गई थी, जिसे मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के मार्गदर्शन में वर्ष 2016 से आज विदेशों में पहुंचाया है और हर वर्ष कोई न कोई देश अपने यहां गीता महोत्सव के आयोजन कर रहा है। मुख्यमंत्री, जिन्होंने गीता को अपनी राजनीति की धुरी माना है, सदैव कहते हैं कि गीता मनुष्यों को अपना कर्तव्य सही ढंग से निभाने, न्यायपूर्ण कर्म करने और सामाजिक व्यवस्थाओं की पालना करने के लिए प्रेरित करती है। गीता में कर्तव्य पालन और कर्म करने पर जोर दिया गया है, इसलिए गीता को कर्मयोग का शास्त्र भी कहा जाता है। मुख्यमंत्री स्वयं गीता के श्लोक- कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन अर्थात कर्म करो और फल की चिंता मत करो, के सिद्धांत पर कार्य करते हैं और इसी भाव-भावना के साथ उन्होंने अपना पूरा जीवन राष्ट्र सेवा को समर्पित किया है।

**कुरुक्षेत्र में 7 दिसंबर से 24 दिसंबर, 2023 तक होगा अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन:** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हरियाणा सरकार और कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में भव्य तरीके से अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस बार ब्रह्मसरोवर



पर 7 दिसंबर से 24 दिसंबर, 2023 तक गीता महोत्सव का एक अलौकिक स्वरूप देखने को मिलेगा। महोत्सव का सबसे खास पल वह होगा, जब भारत के उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ का कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर आगमन होगा। उप राष्ट्रपति 17 दिसंबर, 2023 को ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग में पवित्र ग्रंथ गीता का पूजन करेंगे और ब्रह्मसरोवर के पवित्र जल का आचमन करेंगे। इसके अलावा, 17 दिसंबर को ही कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में गीता सेमिनार का भी उद्घाटन करेंगे। गीता एक ऐसा अलौकिक प्रकाश पुंज है, जो काल, देश और सीमाओं से परे है, जो सर्वकालिक, सार्वभौमिक और चिरस्थायी है। गीता के इसी ज्ञान को दुनिया के कोने-कोने तक पहुंचाने के लिए हरियाणा सरकार लगातार प्रयास कर रही है। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के आयोजन का उद्देश्य पूरे विश्व में श्रीमद्भगवद् गीता के शांति, सद्भाव और भाईचारे के संदेश को फैलाना है। वर्ष 2016 के बाद से अब तक मॉरीशस, लंदन, कनाडा और आस्ट्रेलिया में अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन किया जा चुका है। कनाडा में बाकायदा गीता के नाम से एक पार्क भी स्थापित किया गया है। इसके अलावा कनाडा में पवित्र ग्रंथ श्रीमद्भगवद्गीता स्थापित की गई है।

**48 कोस तीर्थ की परिधि में पड़ने वाले लगभग 134 तीर्थ स्थलों का जीर्णोद्धार:** मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने राजनीति से ऊपर उठकर विश्व को कर्म का सिद्धांत देने वाली गीता की धरती धर्मक्षेत्र कुरूक्षेत्र की 48 कोस की परिधि में कुरूक्षेत्र, करनाल, कैथल, जींद व पानीपत जिलों में पड़ने वाले लगभग 134 तीर्थ स्थलों का जीर्णोद्धार कराने की एक नई पहल की है। इसके तहत 48 कोस में आने वाले महाभारत, रामायण व वामन पुराण में वर्णित तीर्थ स्थलों के प्राचीन, धार्मिक व सांस्कृतिक महत्व के दृष्टिगत इनका जीर्णोद्धार कर और भव्य बनाया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के दौरान भी आगंतुकों को इन 48 कोस के तीर्थ स्थलों की यात्रा करवाई जाती है, ताकि वे हरियाणा की समृद्ध व आध्यात्मिक संस्कृति से परिचित हो सकें।

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हरियाणा सरकार ने पिछले 9 सालों में भौतिक विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक व पौराणिक धरोहर को भी संजोने का काम किया है और इसी दिशा में हरियाणा निरंतर आगे बढ़ रहा है। सरकार का प्रयास है कि हरियाणा की महान संस्कृति के जीवन मूल्य नई व युवा पीढ़ी तक पहुंचे और युवा पीढ़ी गीता के ज्ञान को अपने जीवन में अपनाएं।

## संपादकीय

# युद्धविराम ही रोक सकता है इस मानवीय त्रासदी को

**दक्षिण** अफ्रीकी सांसदों ने आर्थिक स्वतंत्रता सेनानियों के विपक्षी दल द्वारा पेश किए गये एक प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की और सत्तारूढ़ अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा दक्षिण अफ्रीका में इज?ायली दूतावास को बंद करने और देश के साथ सभी राजनयिक संबंधों को तब तक खत्म करने की मांग की, जब तक कि वह गाजा में युद्धविराम पर सहमत न हो जाये। इजरायल-हमास युद्ध सोमवार को 45वें दिन में प्रवेश कर गया। लड़ाई अब एकतरफा हो गयी है। इजरायली रक्षा बल हमास आतंकवादियों द्वारा 7 अक्तूबर को इजरायलियों पर 'आतंकी' हमले के जवाब में आतंकियों को खत्म करने के नाम पर नागरिक क्षेत्रों और अस्पतालों सहित गाजा पट्टी पर बमबारी कर रहे हैं। 18 नवंबर तक, फिलिस्तीनियों की मौत का आंकड़ा 13,000 से अधिक था और30,000से अधिक घायल हुए थे। संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन के स्पष्ट समर्थन से समर्थित इजरायली प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने खुले तौर पर घोषणा की है कि हमासबलों के पूर्ण उन्मूलन तक इजरायली हमलों पर कोई रोक नहीं लगेगी। संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों के अनुसार, इस प्रक्रिया में, नागरिकों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों की हत्याएं हुई हैं, जो मरने वालों की संख्या का 70प्रतिशत है। गाजा पट्टी के 28 अस्पतालों में से 18 को दवाओं की अभूतपूर्व कमी और बिजली और पानी की कटौती के कारण बंद कर दिया गया है, जबकि दस अस्पताल ऑक्सीजनसिलेंडर सहित न्यूनतम आवश्यकता के बिना ही छोटे पैमाने पर काम कर रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक शुक्रवार को टीवी पर उस समय लगभग रो पड़े जब उन्होंने कहा कि जब तक युद्धविराम लागू नहीं होता और सामान्य चिकित्सा आपूर्ति गाजा के कब्जे वाले निवासियों तक नहीं पहुंचती, हजारों लोग इलाज के बिना मर जायेंगे। , के कारण अत्याधुनिक रॉकेट सहित हमास के बहुत हथियार नष्ट हो गये, लेकिन मारे गये हमास सैनिकों की संख्या में बहुत अधिक वृद्धि नहीं हुई। एक सैन्य अनुमान में छह सौ से कम हमास सैनिकों के मारे जाने की बात कही गयी है। प्रधान मंत्री नेतन्याहू के लिए, 7 अक्टूबर के हमले ने उन्हें फिलिस्तीन को इज?इल के जागीरदार राज्य में बदलने का अवसर दिया। सुदूर दक्षिणपंथी नेता ने एक संगीत हॉल में एक कार्यक्रम में भाग लेने वाले लोगों सहित नागरिकों की भयानक हत्या के बाद अपने लोगों की भावनाओं का पूरा फायदा उठाया और हमास आतंकवादियों के पूर्ण पैमाने पर विनाश कार्यक्रम को लागू करने का विकल्प चुना। सुरक्षा परिषद को छोड़कर संयुक्त राष्ट्र निकायों ने युद्धविराम के लिए प्रस्ताव पारित किये हैं। डब्ल्यूएचओ और अन्य निकाय केवल नागरिकों के संहार को समाप्त करने के लिए रो रहे हैं, लेकिन किसे परवाह है। संयुक्त राष्ट्र हमेशा की तरह दंतहीन है। चूंकि अमेरिका समर्थन कर रहा है इसलिए इजराइल संयुक्त राष्ट्र के उपदेशों की बहुत कम परवाह कर रहा है।  जहां तक चीन और रूस का संबंध है, दोनों के अपने-अपने भू-राजनीतिक खेल हैं जहां फिलिस्तीनी त्रासदी को संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ उनके संबंधित द्विपक्षीय संबंधों की तुलना में पिछवाड़े जैसा व्यवहार मिलता है। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने 15 नवंबर को सैनफ्रांसिस्को में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ चार घंटे की बैठक की। चीनी नेता इस बात पर ध्यान केंद्रित कर रहे थे कि यह ग्रह दो महाशक्तियों को समायोजित करने के लिए पर्याप्त बड़ा है।

# विधानसभा चुनाव के नतीजे तय करेंगे भविष्य की राजनीति



राजेश माहेश्वरी

> “ कांग्रेस को उम्मीद है कि मध्य प्रदेश की सत्ता भाजपा से छीन लेने के साथ ही वह राजस्थान और छत्तीसगढ़ में सरकार बचाए रखने में कामयाब हो जायेगी। दूसरी तरफ भाजपा मध्य प्रदेश में स्पष्ट बहुमत के साथ सत्ता में वापसी का भरोसा पालने के साथ ही राजस्थान में कांग्रेस को सत्ता से बाहर करने तथा छत्तीसगढ़ में 2018 से बेहतर प्रदर्शन करने के प्रति आश्वस्त है। दोनों का आशावाद उनके अपने आकलन पर आधारित है लेकिन जो बात जनता के बीच से निकलकर आ रही है उस पर यकीन करें तो इस विधानसभा चुनाव के परिणामों का आगामी लोकसभा चुनाव पर असर पड़ने की संभावना बहुत ज्यादा नहीं हैं। हालांकि जो लोक लुभावन घोषणाएं विधानसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस दोनों की तरफ से की गईं उनसे मतदाता प्रभावित हो सकते हैं ”

**पांच** राज्यों में विधानसभा चुनाव जारी हैं। पूर्वोत्तर के राज्य मिजोरम, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश में मतदान हो चुका है। राजस्थान में 25 नवंबर और दक्षिण भारत के राज्य तेलगांना में 30 नवबंर को वोटिंग हैं। अगले साल देश में आम चुनाव होने हैं। ऐसे में इन पांच राज्यों के नतीजे देश की राजनीति पर असर डालेंगे। खासकार हिन्दी पट्टी के तीन राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के नतीजे का असर भविष्य की राजनीति पर ज्यादा देखने को मिलेगा। इन तीन राज्यों से लोकसभा के 65 सांसद चुनकर संसद में पहुंचते हैं। तीन राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजे इसलिए भी महत्वपूर्ण हैं क्योंकि गुजरात और उत्तर प्रदेश के बाद लोकसभा में अगर भाजपा को सबसे ज्यादा सीटें मिलीं थीं तो वो इसी इलाके से मिलीं थीं। तीन दिसंबर को पांचों राज्यों के परिणाम एक साथ घोषित होंगे। ऐसे में हिंदी पट्टी के विधानसभा के चुनावों के नतीजों पर पूरे देश की नजर रहेगी क्योंकि इनके परिणाम आते ही आने वाले लोकसभा के चुनावों में क्या कुछ होगा इसके कुछ तो संकेत मिलने लगेंगे। तो क्या ये मान लिया जाए कि इन राज्यों के परिणामों से समझा जा सकेगा कि आम चुनावों में ऊंट किस करवट बैठ सकता है? लेकिन यह तय है कि विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद सत्ता पक्ष और विपक्ष बदले हालातों के हिसाब से लोकसभा के लिए रणनीति बनाएगा। इतिहास के पन्ने पलटे तो साल 2003 में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को ऐतिहासिक विजय हासिल हुई थी। इससे अति आत्मविश्वास में भरकर अटल बिहारी वाजपेयी की केंद्र सरकार ने लोकसभा भंग कर जल्दी चुनाव करवा दिए किंतु निराशा हाथ लगी और दस साल तक भाजपा को केंद्र की सत्ता से बेदखल हो गई। लेकिन इसका उल्टा देखने को मिला साल 2018 में जब मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस ने सरकार बनाई किंतु कुछ महीनों बाद हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा को इन राज्यों में जबरदस्त सफलता मिली। इन दो उदाहरणों से ये साबित हुआ कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव में मतदाता एक ही पार्टी या गठबंधन को समर्थन दें ये जरूरी नहीं है। अनेक राज्यों के मतदाताओं ने राज्य और केंद्र की सरकार लिए अलग-अलग दलों को वोट देकर ये संदेश दिया कि उन्हें अपने वोट का समुचित उपयोग करने की भरपूर समझ है। ये देखते हुए मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के मौजूदा विधानसभा चुनावों को 2024 के लोकसभा चुनाव की रिहर्सल मान लेने पर भिन्न दृष्टिकोण हो सकते हैं। इन तीनों में मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच ही है। यद्यपि समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, जनता दल यूनाइटेड और आम आदमी पार्टी भी मैदान में कुछ सीटों पर लड़ रही हैं लेकिन उनकी अहमियत तभी रहेगी जब उनके कुछ विधायक जीतें और त्रिशंकु विधानसभा बने। 2018 में म.प्र में ऐसा हुआ भी। लेकिन जो संकेत आए हैं उनके अनुसार तीनों राज्यों में जो भी सरकार बने उसके पास स्पष्ट बहुमत होगा। वहीं ये चुनाव नतीजे भाजपा और कांग्रेस की राजनीति की दशा और दिशा तो तय करेंगे ही वहीं कई अन्य दलों का भविष्य भी ये चुनाव तय करने वाले हैं। राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा पाने के बाद आम आदमी पार्टी ने मध्य प्रदेश में अपना जनाधार बढ़ाने की कोशिश की है। आप ने 66 सीटों पर प्रत्याशी उतारे हैं। वहीं, इस बार बहुजन समाज पार्टी और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के बीच गठबंधन से दोनों दलों को लाभ-हानि इनकी आगे की दिशा तय करेगी। पहली बार भीम आर्मी यानी आजाद समाज पार्टी, कांशीराम ने भी 86 सीटों पर प्रत्याशी उतारे। आजाद समाज पार्टी की पैठ भी अनुसूचित जाति वोटरों के बीच है। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों में बसपा को पांच प्रतिशत से अधिक मत मिलते रहे हैं। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में पार्टी को दो सीटों पर जीत मिली थी। बसपा और जीजीपी के गठबंधन के बाद दोनों में किसे-कहां लाभ होता है, इसी आधार पर दोनों की आगे की दिशा तय होगी। कांग्रेस को उम्मीद है कि मध्य प्रदेश की सत्ता भाजपा से छीन लेने के साथ ही वह राजस्थान और छत्तीसगढ़ में सरकार बचाए रखने में कामयाब हो जायेगी। दूसरी तरफ भाजपा मध्य प्रदेश में स्पष्ट बहुमत के साथ सत्ता में वापसी का भरोसा पालने के साथ ही राजस्थान में कांग्रेस को सत्ता से बाहर करने तथा छत्तीसगढ़ में 2018 से बेहतर प्रदर्शन करने के प्रति आश्वस्त है। दोनों का आशावाद उनके अपने आकलन पर आधारित है लेकिन जो बात जनता के बीच से निकलकर आ रही है उस पर यकीन करें तो इस विधानसभा चुनाव के परिणामों का आगामी लोकसभा चुनाव पर असर पड़ने की संभावना बहुत ज्यादा नहीं हैं। हालांकि जो लोक लुभावन घोषणाएं विधानसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस दोनों की तरफ से की गईं उनसे मतदाता प्रभावित हो सकते हैं। अगर हिंदी पट्टी के तीन राज्यों में कांग्रेस का बेहतर प्रदर्शन रहता है या वो जीत हासिल करती है तो जो विभिन्न विपक्षी दलों का नया गठबंधन, जो राष्ट्रीय स्तर पर बना है, उसमें कांग्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी और इससे भारतीय जनता पार्टी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। लेकिन अगर कांग्रेस इन तीन राज्यों में कामयाब नहीं होती है तो आम चुनावों में भाजपा को एक तरह से ह्वाक ओवरह्व मिल जाएगा यानी दिल्ली की सत्ता में फिर वापसी का उनका रास्ता आसान हो जाएगा। लेकिन कांग्रेस का प्रदर्शन निराशाजनक रहा तो तब इंडिया गठबंधन में शामिल छोटी–छोटी पार्टियां भी उसे आंखें दिखाने से बाज नहीं आएंगी। इस आधार पर कह सकते हैं कि संदर्भित तीनों राज्यों के चुनाव परिणाम भाजपा विरोधी गठबंधन का भविष्य निश्चित करेंगे।

इन चुनावों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता भी कसौटी पर है। अगर तीन राज्यों में भाजपा का खराब प्रदर्शन होता है तो फिर उसके पास सिर्फ.उत्तर प्रदेश, असम, गुजरात और उत्तराखंड जैसे राज्य ही रह जायेंगे. इन तीन राज्यों में सिर्फ.दो ही राजनीतिक दलों का दबदबा रहा है इसलिए लोकसभा चुनावों में विपक्ष की एकता पर यहां के नतीजों का असर जरूर पड़ेगा। हालांकि कांग्रेस बाकी विपक्षी दलों के साथ गठबंधन करती तब उसे 2024 का पूर्वाभ्यास कहा जा सकता था। लेकिन उक्त तीनों राज्यों में गैर भाजपा पार्टियां एकजुट नहीं हो सकीं जिसके लिए सपा, आम आदमी पार्टी और जनता दल यूनाईटेड ने कांग्रेस की आलोचना भी की। बसपा तो वैसे भी विपक्ष के गठबंधन से अलग ही है। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात ये है कि जिन गैर भाजपा पार्टियों के साथ कांग्रेस ने सीटों का बंटवारा करने से इंकार कर दिया वे ही यदि अपना संयुक्त उम्मीदवार उतारतीं तब तीसरी ताकत के तौर पर दबाव बनाने में भी सक्षम हो जातीं।ऐसे में 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा विरोधी विपक्षी पार्टियों की मोचेबंदी पर आशंका के बादल मंडराने लगे हैं। लेकिन बात यहीं खत्म नहीं हो जाती। भाजपा ने प्रधानमंत्री के नाम पर उक्त तीनों राज्यों में चुनाव लड़कर बड़ा जोखिम उठाया है । यदि परिणाम प्रतिकूल आए तब कांग्रेस को ये कहने का अवसर मिल जायेगा कि मोदी की गारंटी पर मतदाताओं का भरोसा नहीं रहा। हिमाचल और कर्नाटक के बाद यदि उक्त तीन में से भाजपा दो राज्यों में नहीं जीती तब वह दबाव में आ जायेगी। भाजपा के रणनीतिकार मान रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर विधानसभा चुनाव लड़कर वह लोकसभा के मुकाबले के

## कविता

### करम पुरनूर होने लगे हैं

रिश्ते अपने रिश्तों से दूर होने लगे है,
क्यों लोग इस कदर मजबूर होने लगे हैं '

दुश्मनो से दोस्त कर रहें है गुजारिश,
भोले चेहरे कितने मगरूर होने लगे है।

जमाने की कैसी हो गई फितरत,
भाई चारे कितने बेनूर होने लगे है।

आजमाँ कर देख,बेदर्द जमाने को,
चेहरे पर कई चेहरे,जरूर होने लगे है।

नाते,रिश्ते सब अजब मायाजाल,
सिक्के ही चेहरों के नूर होने लगे है।

तमन्नाये न रख सुनहरे पंखों की अब,
सारे सपने अब चूर चूर होने लगें है।

फकीरी,शायरी हमारी हमसफर,
खुदा के करम,पुरनूर होने लगें हैं।

संजीव
---------

# राजस्थान में लड़खड़ाता तीसरा मोर्चो

**रमेश सर्राफ धमोरा**

राजस्थान विधानसभा चुनाव का प्रचार चरम पर पहुंच गया है। सभी राजनीतिक दलों के बड़े नेता व स्टार प्रचारक लगातार चुनावी रैलियां को संबोधित कर रहे हैं। भाजपा की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित कई प्रदेशों के मुख्यमंत्री व बड़े नेता लगातार चुनावी रैलियां को संबोधित कर रहे हैं। वहीं कांग्रेस की तरफ से राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने चुनाव प्रचार की कमान संभाल रखी है। भाजपा जहां सभी 200 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। वहीं कांग्रेस 199 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस ने भरतपुर सीट राष्ट्रीय लोक दल को गठबंधन में दी है। जहां कांग्रेस व भाजपा पूरे जोश खरोश के साथ चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं तीसरी ताकत बनकर  चुनाव परिणाम को बदलने का दावा करने वाले तीसरे मोर्चे के दलों की स्थिति कमजोर लग रही है। विधानसभा चुनाव से पहले तीसरे मोर्चे के नेता बड़े-बड़े दावे कर सत्ता की चाबी अपने हाथ में होने की बात कह रहे थे। मगर मौजूदा चुनावी परिदृश्य को देखकर तो लगता है कि तीसरे मोर्चे के दल अपनी उपस्थिति दर्ज करवा पाने में ही नाकाम लग रहे हैं। तीसरे मोर्चे में शामिल बसपा, आप, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी, एमआईएमआईएम, वामपंथी दल, हरियाणा की जननायक जनता पार्टी, भारतीय ट्राइबल पार्टी व भारत आदिवासी पार्टी ने चुनाव से पूर्व अधिकांश सीटों पर चुनाव लड़ने के बड़े-बड़े दावे किए थे। मगर चुनावी मैदान में इनमें से कोई भी पार्टी सभी सीटों पर प्रत्याशी नहीं उतर पाई है। पिछले चार चुनावों से प्रदेश में अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रही बहुजन समाज पार्टी ने भी 175 प्रत्याशियों को चुनावी मैदान में उतारा है। इस पार्टी के कई प्रत्याशियों ने तो कांग्रेस व भाजपा के प्रत्याशियों के पक्ष में अपने नाम वापस ले लिए या फिर उनको अपना समर्थन दे दिया है। वही तिजारा से पार्टी ने इमरान खान को प्रत्याशी बनाया था। जिसने अंतिम समय में कांग्रेस से टिकट लेकर चुनाव मैदान में उतर गए। बसपा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह बाबा पार्टी की जीत के बड़े-बड़े दावे तो कर रहे हैं मगर कैसे जीतेगें इस बात का उनके पास कोई जवाब नहीं है। बसपा सुप्रीमो मायावती भी चुनावी प्रचार में उतर चुकी है। उन्होंने पूर्वी राजस्थान के अलवर, भरतपुर,झुंझुनू जिलों की कई विधानसभा सीटों पर अपनी पार्टी के प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभाएं भी की है। बसपा के सामने सबसे बड़ा संकट पार्टी कि साख को लेकर है। बसपा से 2008 व 2018 में 6-6 विधायक चुने गए थे। मगर दोनों ही बार सभी विधायकों ने कांग्रेस में शामिल होकर पार्टी को धत्ता बता दिया था। इसलिए लोगों का मानना है कि यदि बसपा के प्रत्याशियों को जीता भी दिया तो वह पार्टी में रहेंगे इस बात की क्या गारंटी है।

## विचार

# छोटे दलों की और बागियों की क्या रहेगी भूमिका ?

**अशोक भाटिया**

**राजस्थान** में 25 नवंबर को विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग होनी है। प्रदेश में भाजपा  और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला है। ऐसे में दोनों ही पार्टियां जीत के लिए पूरी ताकत झोंक रही हैं। भाजपा  जहां सत्ता में वापसी के लिए पुरजोर कोशिश कर रही है, वहीं कांग्रेस दोबारा सत्ता पाने की हर मुमकिन कोशिश कर रही है। कुछ सीटों पर जहां कांग्रेस और भाजपा  के बीच सीधी टक्कर है, तो वहीं कुछ सीटों पर मुकाबला त्रिकोणीय होने के आसार नजर आ रहे हैं।  भारतीय राजनीति में क्षेत्रीयता और जातीय अस्मिता के नाम पर तमाम छोटी-छोटी पार्टियां उपजी हैं। नब्बे के दशक में ये छोटी पार्टियां सरकार गिराने और बनाने में बड़ी भूमिका निभाती रही हैं तो पिछले विधानसभा चुनाव में मध्य प्रदेश और राजस्थान में किसी भी एक दल को बहुमत नहीं मिला था, जिसके बाद कांग्रेस ने सपा और बसपा के समर्थन से सरकार बनाई थी। इस बार जिस तरह से कांग्रेस और भाजपा  के बीच कांटे की टक्कर दिख रही है, उसके चलते चुनावी मैदान में उतरी छोटी और क्षेत्रीय पार्टियां किंगमेकर बनने का सपना संजोय हुए हैं। ऐसे में देखना है कि राजस्थान में कौन सी क्षेत्रीय पार्टी कितनी सीटों पर किस्मत आजमा रही है और किसकी चिंता बढ़ा रही है।

दरअसल देखा जाय तो राजस्थान की सियासत कांग्रेस और भाजपा  के बीच सिमटी हुई है। इन्हीं दोनों दलों के बीच सत्ता परिवर्तन होता रहा और इस बार का विधानसभा चुनाव भी इनके बीच है, लेकिन जिस तरह से कांटे का मुकाबला माना जा रहा है, उसमें क्षेत्रीय दलों की भूमिका अहम रहने वाली है। राजस्थान में कांग्रेस  और भाजपा  सभी  200 सीटों पर चुनावी मैदान में उतरी है। कांग्रेस और भाजपा से जिन उम्मीदवारों को टिकट नहीं मिल सका है, उनमें से कई नेता क्षेत्रीय और छोटी पार्टियों से टिकट लेकर ताल ठोक रहे हैं। राजस्थान में कांग्रेस और भाजपा  के बाद सभी 200 सीटों पर बसपा ने अपने कैंडिडेट उतारे हैं। आम आदमी पार्टी राजस्थान की 88 सीटों पर चुनाव लड़ रही है जबकि सांसद हनुमान बेनीवाल की पार्टी आरएलपी ने 83 सीटों पर प्रत्याशी उतारे हैं। बीटीपी 12 और बीएपी 21, सीपीएम 17 और आरएलडी एक सीट पर चुनावी मैदान में हैं। इसके अलावा अजय चौटाला की जेजेपी भी चुनावी किस्मत आजमा रही है। प्रदेश में बसपा का दलित और आरएलपी का जाट समुदाय के बीच अपना सियासी आधार है, जिसके चलते उन्हें इग्नोर करना मुश्किल है। 2018 में आरएलपी 3 सीटों के साथ ढाई फीसदी वोट हासिल करने में कामयाब रही तो बसपा ने 6 सीटों के साथ 4 फीसदी वोट हासिल किया था। सीपीआई एक सीट और बीटीपी 2 सीटें जीतने में रही थी। बसपा का सियासी भरतपुर, धौलपुर, करौली, दौसा और अलवर जैसे जैसे क्षेत्र में तो नागौर और शेखावटी के इलाके में हनुमान बेनीवाल का गढ़ माना जाता है। सीपीआई का सियासी प्रभाव शेखावटी के नहरी क्षेत्र में है तो बीटीपी और बीएपी आदिवासी बेल्ट में प्रभाव रखते हैं। यही वजह है कि बसपा 20, आरएलपी 15, आम आदमी पार्टी 3 और बीटीपी और बीएपी ने 5-5 सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबला बना दिया है। इस तरह से करीब दो दर्जन सीटों पर तीन दलों के बीच लड़ाई मानी जा रही है। गौरतलब है कि 2018 के विधानसभा चुनाव में  बसपा, आरएलपी, बीटीपी, पीसीएम और आरएलडी के प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे थे। तो राजस्थान की 14 सीटों पर जीत दर्ज कराई थी। ऐसे में इस बार भी छोटी पार्टियों भाजपा, कांग्रेस को बड़ी चुनौती दे रही है। ऐसे में यह भी देखने वाली बात है  कि जनता इस बार भाजपा कांग्रेस अलावा किस पार्टी को ज्यादा पसंद करती है। राजस्थान में चल रहे चुनाव में छोटी पार्टियां त्रिकोणीय मुकाबला बना रही हैं और कुछ सीटों पर सीधे टक्कर दे रहे हैं। बहुजन समाज पार्टी  का पूर्वी राजस्थान में दबदबा है, तो आरएलपी का पश्चिमी राजस्थान और शेखावाटी में दबदबा है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट–2, सेक्टर–33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए–15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली–33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई–मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच–पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# कब्र पहले खोदो, लाशें बाद में लाओ

**डॉ. सुरेश कुमार**

**ओह**, प्लास्टिक, वह अद्भुत सामग्री जिसने हमारे जीने के तरीके में क्रांति ला दी है और ग्रह को इस तरह से प्रदूषित कर दिया है जिसकी हमने कभी कल्पना भी नहीं की थी। हम इस चमत्कारी पदार्थ के बिना कैसे जीवित रह सकते हैं जो सदियों तक बना रहता है और हमारे महासागरों और लैंडफिल को गंदा कर देता है? ओह प्लास्टिक, तुम्हें वरदान कहें या अभिशाप। समझ नहीं आता। तुम एक दम सरकार की तरह हो जो एक हाथ से स्कीमों के नाम पर रबड़ी देकर दूसरे हाथ से भारी टैक्स के नाम पर वसूल लेते हो। तुम्हें देते हुए देखना लेते हुए देखने से न कम है न ज्यादा। हमारे पर्यावरण में घुसपैठ करना कोई तुमसे सीखे। कभी चाय का कप बनकर तो कभी जूस का ग्लास बनकर। कभी सब्जी की थैली बनकर कभी खिलौने बनकर हमारे जीवन में ऐसे आ गए हो जैसे प्राकृतिन संसाधन वाले परिजनों के रहते प्रेमिका की तरह हम पर डोरे डालने वाली मोहिनी। वैसे जब हम प्लास्टिक का उत्पादन कर सकते हैं और पहले से ही मौजूद कचरे के पहाड़ों में इजाफा कर सकते हैं तब बायोडिग्रेडेबल सामग्रियों की आवश्यकता किसे है? यहाँ हम कब्र पहले खोद रहे हैं और लाशें बाद में ला रहे हैं। प्लास्टिक, सुविधा का प्रतीक है, जो हमें अपने भोजन और उत्पादों को इस तरह से पैक और संरक्षित करने की इजाजत देता है जो पूरी तरह से अस्थिर और ग्रह के लिए हानिकारक है। जब हम प्लास्टिक के समुद्र में डूबते रह सकते हैं तो पर्यावरण अनुकूल विकल्पों की चिंता क्यों करें? प्लास्टिक, आधुनिक समाज का रक्षक, हमें अनावश्यक एकल-उपयोग वाली वस्तुओं को बनाने के अनंत अवसर प्रदान करता है जो अंततः हमारे जलमार्गों को अवरुद्ध कर देंगे और वन्यजीवों को मार देंगे। जब हम अधिक से अधिक प्लास्टिक का उत्पादन करते रहेंगे तो इसके परिणामों के बारे में सोचने की जरूरत किसे है? प्लास्टिक, प्रगति और नवाचार का प्रतीक है, जो हमें दिखाता है कि ग्रह को नष्ट करने के नए तरीके खोजने में मनुष्य कितने रचनात्मक हो सकते हैं। जब हम अपनी सभी समस्याओं के समाधान के लिए प्लास्टिक पर निर्भर रह सकते हैं तो स्थायी समाधान खोजने की चिंता क्यों करें? हाँ, प्लास्टिक वास्तव में हमारी सभी प्रार्थनाओं का उत्तर है।

# समय के यथार्थ संयोजन से जीवन को समर्थ बनाएं

**संजीव**

**समय** के समग्र मूल्य को बेंजामिन फ्रैंकलीन ने पहचानते हुए कहा था बीता हुआ समय कभी वापस नहीं आता है। यह वाक्य अत्यंत यथार्थ भी है, खोया हुआ धन अर्जित कर सकते हैं पर खोए हुए वैभव और समय के महत्वपूर्ण क्षण को पुनः प्राप्त नहीं किया जा सकता।समय को एक बार खो देने के बाद वापस प्राप्त करना बहुत मुश्किल ही नहीं असंभव है।इसीलिए यह कहावत कही गई है "काल करे सो आज कर, आज करे सो अब, पल में परलय होएगी बहुरि करेगा कब"प्रसिद्ध लेखक मेसन ने समय को महिमामंडित करते हुए कहा है सोने के कण की तरह समय का हर क्षण मूल्यवान है। प्लेटफार्म पर खड़ी रेलगाड़ी भी अपने यात्रियों का इंतजार नहीं करती और देर से पहुंचने वाले यात्री हाथ मलते रह जाते हैं,उनके पास अफसोस करने के अलावा कुछ नहीं रह जाता।समय और समुद्र की लहरें किसी की प्रतीक्षा नहीं करती, समय के महत्व को दर्शाते प्रकृति के कई उदाहरण भी हैं, बरसात के समय वर्षा देर से आने से कृषि सूख जाती है. इसलिए कहा गया है "का वर्षा जब कृषि सुखावे," इसीलिए इतिहास में महान लोगों ने समय के साथ निज के अनुशासन और श्रम के महत्व को अपने जीवन में अपनाकर अपने आप को बड़ा बनाकर इतिहास में अपना नाम स्थापित किया है' समाज में जितने भी प्रसिद्ध, नामचीन और महान बने हैं, या उदाहरण देने लायक बने हैं, उन सब ने समय को समय देकर अपने आप को समाज में अग्रणी स्थान पर स्थापित किया है,और हजारों,लाखों लोग उनका सम्मान कर उनका अनुसरण भी करने लगते हैं। समय का महत्व और निज पर शासन फिर अनुशासन एक दूसरे से जुड़े तथा पर्यायवाची ही है। जिसमें भी समय के महत्व को समझते हुए उसका अनुशासन के साथ उपयोग किया है,वे अपनी जिंदगी में आर्थिक सामाजिक एवं वैश्विक रूप से अपने आप को सफल बना चुके हैं। विद्वानों में यह भी कहा है कि जो कार्य जिंदगी में आप को सबसे कठिन एवं क्लिष्ट लगने लगता है, उसे समय और अनुशासन के साथ सबसे पहले किया जाना चाहिए, और तब तक करना चाहिए जब तक वह कार्य अपनी परिणति तक ना पहुंचे, और ऐसी प्रक्रिया से आप सफलता की सीढ़ी चढ़कर एक सफलतम व्यक्तित्व बन सकते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### अवैध हथियार सहित एक आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**पुलिस थाना** रामनगर की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर आरोपी साहिल पुत्र सोनू वासी श्याम नगर करनाल को काछवा नहर पुल करनाल के पास से गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक अवैध तेजधार हथियार चाकूनुमा बरामद किया गया। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना रामनगर में शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।
पूछताछ के दौरान पाया गया कि आरोपी साहिल यह चाकूनुमा हथियार को शौकिया तौर पर चलते फिरते व्यक्ति से पैसों में खरीदकर लेके आया था। आरोपी को आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### इसराना विधानसभा के पांच गांवों में राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने किया जन संवाद



**पानीपत/कमाल हुसैन**

**महिला एवं** बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में सरकार प्रदेश के हर कोने में बुनियादी विकास कार्यों को सुनिश्चित करने पर पूरा ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ लोगों को मिल रहा है। आमजन को किसी भी योजना का लाभ लेने के लिए कतार में नहीं लगना पडे, इसके लिए लाभार्थियों को घर बैठे ही सरकारी योजनाओं व सेवाओं का लाभ देने की दिशा में शासन, प्रशासन काम कर रहा है। मंगलवार को महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा ने इसराना विधानसभा में गांव सींक, कुराना, अदियाना, नारा और नोहरा में जनसंवाद कार्यक्रम किए। प्रशासनिक अधिकारियों व विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ जनसंवाद कार्यक्रम में पहुंची राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल का संकल्प है कि केंद्र-प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ हर पात्र परिवार, पात्र नागरिक तक पहुंचे। आज वृद्धावस्था पेंशन से लेकर छात्रवृति तक सीधे उनके बैंक खाते में पहुंच रही है। व्यवस्था परिवर्तन के साथ आम जनता का जीवन सुगम बनाया गया है। प्रदेश सरकार ने पर्ची, खर्ची को बंद कर नौकरियों में पारदर्शिता बरती है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन तबादला नीति से शिक्षकों, कर्मचारियों की तबादला प्रक्रिया आसान हुई है। पारदर्शी तरीके से योग्य युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए गए हैं। अब तक प्रदेश में एक लाख 8 हजार युवाओं को योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरी दी गई है। राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनसंवाद पोर्टल के माध्यम से जन संवाद कार्यक्रम में आ रही शिकायतों के निवारण की व्यवस्था की गई है और खुद मुख्यमंत्री मनोहर लाल इस व्यवस्था की निगरानी कर रहे हैं।

### सर्वोकॉन सिस्टम्स ने अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में अपने उत्पादों की भव्य श्रृंखला प्रस्तुत की



**नई दिल्ली।** सर्वोकॉन सिस्टम्स लिमिटेड ने दिल्ली में चल रहे 42वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में अपने भव्य स्टॉल से धूम मचा रखी है। दिल्ली के प्रगति मैदान में लगे इस व्यापार मेले में सर्वोकॉन के स्टॉल पर सोलर पेनल, बैटरी तथा अन्य उपकरणों के साथ ही उन्नत उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की एक विविध श्रृंखला प्रदर्शित की गयी है।
35 साल की समृद्ध विरासत के साथ, सर्वोकॉन गर्व से एक व्यापक उत्पाद लाइनअप प्रस्तुत करता है जो बिजली स्थिरता सुनिश्चित करता है और टिकाऊ ऊर्जा उपयोग में योगदान देता है।
आगंतुक नवीनतम रिन्यूएबल ऊर्जा सोल्यूशन्स और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों, जैसे सोलर पैनल, सोलर बैटरी, सर्वो स्टेबलाइजर्स, इनवर्टर, गीजर और कई अन्य चीजों का पता लगा सकते हैं। सर्वोकॉन सिस्टम्स लिमिटेड के संस्थापक और प्रबंध निदेशक श्री हाजी कमरुद्दीन ने कहा, "हम 42वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले के दौरान सर्वोकॉन के स्टॉल पर बिजली प्रबंधन और नवीकरणीय ऊर्जा के भविष्य को देखने के लिए सभी को आमंत्रित करने के लिए बेहद उत्साहित हैं।
उत्पाद श्रृंखला, तकनीकी उत्कृष्टता के प्रति सर्वोकॉन की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। व्यापार मेले में सर्वोकॉन की उपस्थिति एक उद्योग ट्रेंडसेटर के रूप में इसकी भूमिका पर जोर देती है। गुणवत्ता और तकनीकी उन्नति के लिए प्रसिद्ध, सर्वोकॉन का लक्ष्य उद्योगों और उपभोक्ताओं की बढ़ती जरूरतों को पूरा करते हुए विविध बिजली समाधानों के साथ आगंतुकों को आकर्षित करना है। अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हुए, सर्वोकॉन ने एशिया पैसिफिक, मिडिल ईस्ट, अमेरिका और अफ्रीका के 35 से अधिक देशों तक अपनी पहुंच बढ़ाई है।

# क्लीन सोनीपत ग्रीन सोनीपत अभियान का हुआ आगाज

## सोनीपत शहर को कचरा मुक्त करने के लिए रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत मिडटाउन ने नगर निगम सोनीपत को भेंट किए 150 डस्टबिन, नगर निगम मेयर निखिल मदान एवं निगम आयुक्त विश्राम कुमार मीणा कार्यक्रम में रहे मौजूद

**सफाई पर जोर**

8 ग्रीन सोनीपत मुहिम के तहत रोटरी क्लब द्वारा नगर निगम सोनीपत को शहर की सफाई व्यवस्था सुधारने के लिए 150 डस्टबिन प्रदान किए



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**मंगलवार को रोटरी** क्लब ऑफ सोनीपत मिड टाउन के एटलस रोड स्थित कम्युनिटी सेंटर में क्लीन सोनीपत, ग्रीन सोनीपत मुहिम के तहत रोटरी क्लब द्वारा नगर निगम सोनीपत को शहर की सफाई व्यवस्था सुधारने के लिए 150 डस्टबिन प्रदान किए गए। कार्यक्रम में नगर निगम मेयर निखिल मदान एवं निगम आयुक्त विश्राम कुमार मीणा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मेयर निखिल मदान ने कहा कि रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत मिड टाउन का यह अनूठा प्रयास बेहद सराहनीय है। इन सभी डस्टबिन को शहर के सार्वजनिक स्थानों जैसे रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, सामान्य अस्पताल और मुख्य बाजारों जैसे कच्चे क्वार्टर मार्केट, सेक्टर 14 मार्केट, मॉडल टाउन, कपड़ा बाजार, गीता भवन चौक, सेक्टर 15 मार्केट पर रखा जाएगा ताकि लोग सड़कों पर कूड़ा ना फेंके और शहर की सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से बनी रहे। साथ ही इनका नियमित तौर पर कूड़ा उठान एवं रख-रखाव निगम कर्मचारियों द्वारा किया जायेगा।
निगम आयुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि फिलहाल नगर निगम सोनीपत की स्वच्छता सर्वेक्षण में रैंकिंग बेहद पीछे है और इसको सुधारना उनका मुख्य उद्देश्य है। रोटरी क्लब जैसी संस्थाओं का यह सहयोग वाकई में प्रशंसा करने योग्य है और वह शहर की सभी सामाजिक संस्थाओं से अपील करते हैं कि वह शहर की सफाई व्यवस्था को सुधारने में अपना हर संभव योगदान और सुझाव दे। नगर निगम भी अपनी तरफ से वह सभी जरूरी कदम उठाएगा जिससे शहर की स्वच्छता और सुंदरता बढ़ें इसके लिए जल्द ही सामाजिक संस्थाओं के साथ बैठक की जाएगी। इस दौरान रोटरी प्रेसिडेंट रविंद्र भारद्वाज,सेक्रेटरी भूपेश खन्ना,राकेश देवगन,नवीन कुमार रेलन,राजीव तनेजा,दिनेश मदान,विनीत छाबड़ा,सन्नी जैन,राकेश कालरा,संदीप जेटली,आर के सेठ,राजेश रेलण,हरीश रजवाड़ा,राजीव सेठ,अनुज तनेजा,पूजा भंडारी आदि लोग मौजूद रहे।

## रोलर स्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया: कंचन का हुआ चयन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**रोलर** स्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में आरके इंटरनेशनल स्कूल की 10वीं कक्षा की छात्रा कंचन ने सिक्के की चमक बढ़ाई।
उन्होंने अपनी प्रतिभा और मेहनत से नजरें खींची और राष्ट्रीय स्तर पर दूसरे स्थान पर चयन हासिल किया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य चेयरमैन नरेंद्र शर्मा, मैनेजिंग डायरेक्टर सुनीता शर्मा, डायरेक्टर आकाश शर्मा, ऐश्वर्या, प्रबंधन कमेटी की सदस्या शिल्पी शर्मा और प्रधानाचार्या निधि नेहरा ने कंचन को और कोच मोनू को हार्दिक शुभकामनाएं दी। स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य चेयरमैन नरेंद्र शर्मा, मैनेजिंग डायरेक्टर सुनीता शर्मा ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि उत्कृष्टता और समर्पण से जीत हासिल करना अद्भुत उपलब्धि है। हर एक प्रतियोगिता आपके लिए एक नया उत्साह और नई चुनौती है। उन्होंने खिलाड़ी की मेहनत और समर्पण को सलाम करते हुए कहा की कंचन ने अपनी जीत से यह साबित कर दिखाया है कि संघर्ष और समर्पण से कुछ भी संभव है तथा उत्कृष्टता और संघर्ष के बिना, यह उपलब्धि संभावना नहीं थी।

## बॉडी बिल्डर राजू ने बढ़ाया गन्नौर का गौरवः देवेंद्र कादियान

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

**वर्ल्ड बॉडी** बिल्डिंग चैंपियनशिप में आहुलाना के राजू ने अपने सुडौल शरीर का बेहतर प्रदर्शन कर ब्रॉन्ज मेडल जीता है। ये प्रतियोगिता 6 से 12 नवंबर तक साउथ कोरिया में हुई। जिसमें करीब 72 देशों के बॉडी बिल्डरों ने हिस्सा लिया था। राजू के मेडल जीतने पर उनके गांव आहुलाना में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मुख्यातिथि देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी गन्नौर के संस्थापक एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने राजू को माला पहनाकर सम्मानित कर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर



समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने कहा कि राजू ने साल 2016 में कुश्ती से आर्मी में भर्ती हुआ। फिर बॉडी बिल्डिंग की तरफ कदम बढ़ाए तो उसमें सफलता मिल रही है। राजू ने गन्नौर का गौरव बढ़ाया है, उम्मीद है आगे चलकर राजू बेहतर परफॉर्मेंस देकर गोल्ड मेडल जीतकर देश का नाम रोशन करेगा। कादियान ने कहा कि राजू ने अपनी फिटनेस से युवाओं को प्रेरित करने का कार्य किया है। युवाओं को राजू से सीख लेनी चाहिए, अच्छा स्वास्थ्य अनमोल धरोहर है, जो देश व समाज के काम आ सके। वहीं, युवाओं को संदेश देते हुए बॉडी बिल्डर राजू ने कहा कि अपने आप को स्वस्थ रखने के लिए हमें व्यायाम अवश्य करना चाहिए। राजू ने अपने कोच जसबीर व पवन बरगोट का आभार जताते हुए कहा कि वह इनके मार्गदर्शन में बॉडी बिल्डिंग में अच्छा करने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि अजित कुमार, रामस्वरूप नंबरदार, ओमप्रकाश, महेंद्र, दीपक, मंजीत, शंकर, वीरेंद्र आदि मौजूद रहे।

## चावल की डिलीवरी न करके करोड़ों की धोखाधड़ी करने वाला राइस मिलर गिरफ्तार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**थाना घरौंडा** की टीम द्वारा चावल की डिलीवरी न कर धोखाधड़ी करने वाले राइस मिलर नीरज राणा पुत्र पदम सिंह वासी नजदीक प्रेम प्लाजा बैंक्वेट हॉल को इब्राहिम मंडी करनाल से 16 नवंबर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी से करीब 40 क्विंटल चावल बरामद किए गए हैं। इस संबंध में संदीप कुमार पुत्र जय भगवान इंचार्ज खरीफ वर्ष 2022-23 निरीक्षक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता विभाग घरौंडा द्वारा मैसर्ज रोहित ट्रेडिंग कंपनी, गांव डिंगर माजरा, घरौंडा के राइस मिलर नीरज राणा पुत्र पदम सिंहए रोहित राणा पुत्र श्री पदम सिंह वासियान मकान नंबर 331, नजदीक प्रेम प्लाजा बैंक्वेट हॉल, इब्राहिम मंडी करनाल और संजीव कुमार पुत्र मोती राम वासी कोयर, नीलोखेड़ी के विरुद्ध चावल की डिलीवरी न देकर धोखाधड़ी करने की शिकायत दी थी। आरोपियों द्वारा खरीफ सीजन 2022-23 के दौरान खाद्य एवम आपूर्ति विभाग के साथ सरकारी धान की मिलिंग हेतु एग्रीमेंट किया गया था। जिसके तहत राइस मिलर को करीब 47 हजार क्विंटल धान प्रेषित करना था, जबकि उनके द्वारा करीब 36 हजार क्विंटल धान को ही प्रेषित किया गया और करीब 11 हजार क्विंटल धान की डिलीवरी नही की गई। भौतिक जांच के बाद धान व चावल का स्टॉक शून्य दिखाया गया। जिसके कारण राइस मिलर द्वारा पूर्ण धान की डिलीवरी न करके सरकार को करीब चार करोड़ का नुकसान पहुंचाया गया। इस संबंध में शिकायकर्ता संदीप निरीक्षक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले घरौंडा की शिकायत पर नामजद आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 406, 420, 34 के तहत 14 नवंबर को थाना घरौंडा में मुकदमा दर्ज किया गया था।

## गुरुग्राम नगर निगम के हड़ताली दो कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**

**लंबे समय** से हड़ताल के चलते मंगलवार को नगर निगम गुरुग्राम के तीन सफाई कर्मचारियों पर गाज गिर गई है। दो सफाई कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त की गई हैं, वहीं एक को सस्पेंड किया गया है। नगर निगम गुरुग्राम की ओर से जारी आदेशों में कहा गया है कि सफाई कर्मचारी रामसिंह, नरेश कुमार तथा राजेश के खिलाफ पुलिस द्वारा 14 नवंबर को मुकदमा दर्ज किया गया था। इन कर्मचारियों के आचरण की वजह से नगर निगम की छवि खराब हुई है। इसके चलते सफाई कर्मचारी रामसिंह तथा नरेश कुमार की नगर निगम से सेवाएं तुरंत प्रभाव से समाप्त कर दी गई हैं। तीसरे सफाई कर्मचारी राजेश को निलंबन आदेश जारी किए गए हैं। गौरतलब है कि गुरुग्राम के सिविल लाइन्स थाने में 14 नवंबर को दर्ज एफआईआर नंबर-248 के अनुसार नगर निगम गुरुग्राम में बतौर ठेकेदार काम करने वाले व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि नरेश मलकट, रामसिंह, राजेश व अन्य लोग शिकायतकर्ता से प्रत्येक माह 25 हजार रुपये दबाव डालकर मांगते हैं। ना देने की सूरत में उनकी गाडि?ों को रोक देते हैं और गाडि?ों में नुकसान पहुंचाते हैं। शिकायत में कहा गया कि प्रत्येक माह के हिसाब से इनमें लगभग 3 लाख रुपये दिए जा चुके हैं। नरेश प्रधान की लगातार धमकी भरी कॉल आ रही हैं कि या तो जनवरी से अब तक के पैसे दे दो, वरना गाड़ी नहीं चलने देंगे। इसी शिकायत के आधार पर पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज करके कार्रवाई की गई।

## पिस्तौल के बल पर ट्रक चालक से हजारों की राशि व मोबाइल लूटा

### पुलिस ने पीड़ित के बयान पर चार बदमाशों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**कुंडली थाना** क्षेत्र के केजीपी सड़क मार्ग पर यमुना नदी से आगे जाखौली टोल प्लाजा से पहले ट्रक चालक को पिस्तौल व चाकू के बल पर काबू कर चार बदमाश 40 हजार रुपये व मोबाइल लूटकर भाग गए। वह उत्तर प्रदेश के लोनी में ट्रक का माल खाली कर वापस राई औद्योगिक क्षेत्र लौट रहे था। तड़के अचानक लाइट खराब होने के बाद उन्होंने ट्रक रोका तो लूट की वारदात हो गई। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।
गांव मिठाइयां औरंगाबाद बिहार निवासी मनीष नारायण चौधरी ने बताया कि उसके पास ट्रक है। वह उसे खुद ही चलाता है। वह अपने ट्रक में माल लेकर 20 नवंबर को उत्तर प्रदेश के लोनी गया था। वहां माल उतारने के बाद वह ट्रक को लेकर सोनीपत के राई के लिए चल पड़ा। वह तड़के जब यमुना नदी पार कर जाखौली टोल प्लाजा से पहले पहुंचा, तो अचानक उनके ट्रक की लाइट खराब हो गई। अंधेरे के चलते उन्होंने ट्रक को सड़क किनारे रोक दिया और लाइट ठीक करने का प्रयास करने लगा। इसी दौरान चार युवक आए और उनकी गाड़ी में घुसकर उनके साथ मारपीट करने लगे। उन्होंने चाकू व पिस्तौल दिखाया और उन्हें धमकी देकर पास ही झाड़ियों में ले गए। उन्होंने वहां ले जाकर उनकी जेब से 40 हजार रुपये व मोबाइल लूट लिया। उसके बाद चारों बदमाश वहां से भाग गए। उन्होंने राहगीर की मदद से पुलिस को अवगत कराया। सूचना के बाद पहुंची कुंडली थाना पुलिस ने जांच कर मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी ऋषिकांत ने बताया कि पुलिस ने बदमाशों का पता लगाने का प्रयास किया, लेकिन सुराग नहीं लग सका। पुलिस टीमें लगातार मामले पर नजर रखे हुए है। जल्द से जल्द बदमाशों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## जींदः पुरानी पेंशन बहाली के लिए रेलवे कर्मियों ने डाला मत

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**

**ज्वायंट फार्म** फॉर रीस्टोरेशन ओल्ड पेंशन स्कीम व मंडल मंत्री एनआरएमयू अनूप शर्मा के दिशा-निर्देशन में मंगलवार को नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन जींद ब्रांच द्वारा पुरानी पेंशन बहाली के लिए मत का प्रयोग किया। 22 नवंबर को सभी रेल कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली के लिए सिकरेट वैलेट करवाया जाएगा। जिसमें कर्मचारी अनिश्चितकालीन रेल हडताल के लिए स्वेच्छापूर्वक अपना विकल्प देंगे। पुरानी पेंशन बहाली के लिए जनवरी से लगातार धरने, प्रदर्शन व 10 अगस्त 2023 को दिल्ली रामलीला ग्राउंड में ऐतिहासिक रैली भी की गई। इसमें निर्णय लिया गया था कि यदि कर्मचारियों की सहमति हुई, तो ओल्ड पेंशन स्कीम के लिए अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी। मेहर सिंह के नेतृत्व में जींद स्टेशन पर मतदान का आयोजन किया गया। सभी कर्मचारियों ने इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया और हर तरह के संघर्ष में सहयोग का आश्वासन दिया। पूरे भारत वर्ष में रेल कर्मचारियों द्वारा यह मतदान किया जा रहा है।

## पराली पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी का नायब सैनी ने किया स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए हरियाणा सरकार के प्रयासों पर सुप्रीम कोर्ट ने जो मुहर लगाई है उसका स्वागत किया है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा हरियाणा सरकार की प्रशंसा करने पर प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल और प्रदेश के किसानों का आभार जताया है। श्री सैनी ने कहा कि पराली जलाने की घटनाओं में कमी आना मनोहर सरकार की नीतियां और प्रदेश के किसानों का जागरूक होना है।

**सुप्रीम मोहर**

8 प्रदेश अध्यक्ष सैनी ने पराली मैनेजमेंट के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल और हरियाणा के किसानों का जताया आभार

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पराली प्रबंधन के लिए हरियाणा की मनोहर सरकार ने जबदस्त काम किए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी आज हरियाणा की भाजपा सरकार की पीठ थपथपाते हुए पंजाब की मान सरकार को नसीहत दी है कि पराली प्रबंधन कैसे किया जाता है वो हरियाणा की भाजपा सरकार से सीखें। नायब सैनी ने कहा कि हरियाणा की मनोहर सरकार किसान हितैषी है। सरकार किसानों को कृषि उपकरणों पर सब्सिडी दे रही है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल स्वयं लगातार किसानों को पराली से होने वाले नुकसान के लिए जागरूक करते रहते हैं।
प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भगवत मान सरकार आलोचना करने में ही माहिर है, काम करने में नहीं है।

## बार-बार खराब हो रही डिजिटल एक्स-रे मशीन, मरीजों को परेशानी

### मंगलवार को आठ मरीजों की एक्स-रे होने के बाद आई खराबी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**नागरिक अस्पताल** में बार-बार खराब हो रही डिजिटल एक्स रे मशीन के कारण मरीजों को निराशा हो रही है। मंगलवार को फिर मशीन में तकनीकी खराबी आने के कारण मरीजों को निराश होकर लौटना पड़ा। उनका कहना था कि अस्पताल प्रशासन की ओर से मशीन को ठीक कराने के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। जिसकी वजह से यह मशीन बार-बार बंद हो रही है। मंगलवार को मात्र 8 मरीजों के एक्स रे हो सके। मशीन खराब होने के बाद 40 मरीज निराश होकर वापस लौट गए।

> **मशीन** काफी पुरानी हो चुकी है। प्रबंधन की तरफ से मशीन को ठीक करवाने के लिए संबंधित कंपनी से पत्राचार कर दिया है। बार-बार तकनीकी खराबी की जांच की जा रही है। जल्द से जल्द मशीन को ठीक करवाकर मरीजों को सुविधा देने के प्रयास किए जायेगे।
> **डा. लोकवीर, प्रधान चिकित्सा अधिकारी नागरिक अस्पताल।**

जिला नागरिक अस्पताल में शनिवार को भी डिजिटल एक्स रे मशीन खराब हो गई थी। उस दौरान महज 10 मरीजों के एक्स रे हो सके थे। सोमवार को इस मशीन को ठीक कराया गया था। मंगलवार को फिर से एक्स रे करने शुरू किए तो मात्र 8 मरीजों के एक्स रे किए जा चुके। एक्स रे कराने के इंतजार में खड़े करीब 40 मरीजों को उस समय निराशा हाथ लगी, जब अचानक मशीन में तकनीकी खराबी आ गई। एक्स-रे नहीं होने के कारण मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक्स-रे बंद होने से रोजाना मरीजों के लिए आफत बनी हुई है। नागरिक अस्पताल में रोजाना 80 से 100 मरीजों के एक्स-रे होते है। वर्ष 2007 में लगाई गई एक्स-रे मशीन बार-बार खराब हो रही है। अस्पताल में एक्स रे न होने के कारण मरीजों का इलाज भी प्रभावित रहा। जिससे मरीजों को बाहर पैसे देकर एक्स-रे करवाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। डिजिटल एक्स-रे मशीन की वारंटी तक खत्म हो चुकी है। इसके बावजूद नई मशीन नहीं मंगवाई जा रही है।
अस्पताल प्रशासन की लापरवाही का खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है।

**करीब दो साल से बंद पड़ा**

**अल्ट्रासाउंड केंद्रः** नागरिक अस्पताल में स्थापित मशीने काफी पुरानी हो चुकी है। जिसके चलते वह बार-बार जवाब दे रही है। अस्पताल के लैब की मशीनें हो या एक्स-रे विभाग की मशीनें। लगभग सभी मशीनों सालो-साल पुरानी है। वहीं करीब दो साल से अस्पताल में रेडियो लाजिस्ट के न होने के चलते अल्ट्रासाउंड मशीन बंद पड़ी है। जिसके चलते गर्भवति महिलाओं सहित अन्य अल्ट्रासाउंड करवाने वाले मरीजों को परेशानी के साथ-साथ आर्थिक हानि का सामना करने पर मजबूर होना पड़ रहा है।

# अदालत को हल्के में न लें दिल्ली सरकार: सुप्रीम कोर्ट

## रैपिड ट्रेन प्रोजेक्ट के लिए पैसा न दिये जाने पर दिल्ली सरकार को सुप्रीम कोर्ट को कड़ी फटकार लगाई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को रीजनल रैपिड ट्रांसिट सिस्टम प्रोजेक्ट के लिए पैसा न दिये जाने पर दिल्ली सरकार को कड़ी फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आप कोर्ट को दिये वचन की अवहेलना कर रहे हैं। एक सप्ताह का समय है, परियोजना का पैसा दे। अगर आप नहीं करेंगे तो कोर्ट विज्ञापन के बजट को इसमें ट्रांसफर कर देगा।

**दिल्ली सरकार को देने हैं 415 करोड़ रुपये:** इस प्रोजेक्ट में दिल्ली सरकार को 415 करोड़ रुपये का भुगतान करना है। ये आदेश न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और सुधांशु धूलिया की पीठ ने दिल्ली में प्रदूषण पर चल रही सुनवाई के दौरान दिल्ली सरकार द्वारा आरआरटीएस परियोजना के लिए अपने हिस्से का पैसा न दिए जाने का मामला उठने पर दिये। आरआरटीएस परियोजना में दिल्ली को उत्तर प्रदेश के मेरठ, राजस्थान के अलवर और हरियाणा के पानीपत से जोड़ने वाला सेमी हाईस्पीड रेल कॉरिडोर शामिल है।





**पिछली सुनाई पर कोर्ट ने दिया था यह आदेश:** 24 जुलाई को आरआरटीएस मामले पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने दिल्ली सरकार को आदेश दिया था कि वह अपने हिस्से का धन 415 करोड़ रुपये का भुगतान करे। उस समय कोर्ट ने दिल्ली सरकार द्वारा विज्ञापन पर खर्च किया गया तीन साल का लेखाजोखा मंगाकर देखा था, जिसके मुताबिक दिल्ली सरकार ने तीन साल में विज्ञापन पर करीब 1100 करोड़ रुपये खर्च किये थे। उस समय भी कोर्ट ने मौखिक टिप्पणी में कहा था कि अगर दिल्ली सरकार पिछले तीन साल में विज्ञापन पर 1100 करोड़ खर्च कर सकती है तो निश्चित तौर पर इन्फ्रास्ट्रक्टर प्रोजेक्ट पर भी खर्च कर सकती है। दिल्ली सरकार की ओर से कोर्ट को परियोजना के लिए पैसे का भुगतान करने का भरोसा दिलाया गया था।

### दिल्ली सरकार को सुप्रीम कोर्ट ने फटकारा

**दिल्ली** सरकार की ओर से पेश वकील ने कहा कि उन्हें इस मामले में जवाब दाखिल करना है, लेकिन पीठ ने नाराजगी जताते हुए कहा क्या जवाब देंगे। हमने 24 जुलाई को आपसे कहा था कि हम आपका विज्ञापन का बजट ले लेंगे। अब हम विज्ञापन का बजट रोकने जा रहे हैं। वैसे तो बजट प्रबंधन सरकार के देखने की चीज है लेकिन जब ऐसी राष्ट्रीय महत्व की परियोजना प्रभावित होती है और पैसा विज्ञापन पर खर्च होता है तो कोर्ट उस पैसे को इस परियोजना के मद में ट्रांसफर करने का आदेश देने का इच्छुक है।

## समान नागरिक संहिता की मांग करने वाली याचिकाओं को हाईकोर्ट ने किया सूचीबद्ध




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली हाईकोर्ट ने समान नागरिक संहिता की मांग करने वाली याचिकाओं के एक समूह को एक दिसंबर के लिए सूचीबद्ध कर दिया है। यूसीसी (यूसीसी) मामले पर कोर्ट ने कहा कि वह कुछ नहीं कर सकता है, अगर सुप्रीम कोर्ट पहले ही इस मुद्दे पर फैसला सुना चुका है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने मार्च में अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय की याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें उन्होंने "लिंग तटस्थ" और "धर्म तटस्थ" कानूनों की मांग की थी। अदालत ने याचिकाओं पर आगे की सुनवाई यह कहते हुए टाल दी कि कार्यवाही के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से कोई भी उपस्थित नहीं हुआ और उपाध्याय को अभी तक सुप्रीम कोर्ट के समक्ष याचिका में अपनी प्रार्थनाओं को रिकॉर्ड पर नहीं रखना है।

## आने वाले दिनों में दिल्ली में प्रदूषण स्तर में होगा सुधार: गोपाल राय

**इंतजार**

8 आने वाले दिनों में दिल्ली में प्रदूषण स्तर में सुधार देखा जा सकता है। दो दिन मामूली राहत देखने को मिली थी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रदूषण का** संकट झेल रहे दिल्लीवालों के लिए राहत की खबर है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि आने वाले दिनों में दिल्ली में प्रदूषण स्तर में सुधार देखा जा सकता है। दिल्ली में प्रदूषण से दो दिन मामूली राहत देखने को मिली थी।



**दो दिन बाद सोमवार को फिर बढ़ा प्रदूषण:** हालांकि, दो दिन की मामूली राहत के बाद एक बार फिर से प्रदूषण के स्तर में बढ़ोतरी देखने को मिली। दिल्ली के तीन इलाकों में फिर से गंभीर श्रेणी में हवा पहुंच गई थी। पंजाबीबाग, जहांगीरपुरी और बवाना का सूचकांक 400 के ऊपर दर्ज किया। इस बीच प्रदूषण के चलते जहरीली हवा में सांस ले रहे दिल्ली के लोगों के लिए राहत भरी खबर है। दिल्ली में प्रदूषण के स्तर में सुधार देखा जा सकता है।

## पहले मासूम बच्चे को मार डाला, फिर खुद आत्महत्या का किया प्रयास

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
उत्तर पश्चिमी दिल्ली के भारत नागर एरिया में एक पिता ने खौफनाक कदम उठाया है। 35 वर्षीय पिता ने अपने दो मासूम बच्चों पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिसमें छोटे बच्चे की मौत हो गई। वहीं, बड़ा बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया है।

**बच्चों पर धारदार हथियार से हमला:** बच्चों पर हमला के बाद उसने भी आत्महत्या का प्रयास किया। बड़े बच्चे और पिता अस्पताल में इलाज चल रहा है। मंगलवार को पुलिस ने बताया कि जेजे कॉलोनी निवासी राकेश ने पत्नी से विवाद के बाद अपने दो मासूम बच्चों (02 साल और 05 साल) पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। राकेश बेरोजगार और शराबी है। पुलिस ने बताया कि सोमवार शाम राकेश का अपनी पत्नी से विवाद हो गया और उसने खुद को दोनों बेटों के साथ एक कमरे में बंद कर लिया। उसने बच्चों पर धारदार हथियार से हमला किया और बाद में आत्महत्या का प्रयास किया। पुलिस के मुताबिक, शाम करीब साढ़े छह बजे घटना की सूचना मिलने के बाद भारत नगर थाने की एक टीम मौके पर पहुंची। घायलों को दीप चंद बंधु अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## दिल्ली में जल्द हो सकती है पानी की भारी किल्लत: आतिशी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्लीवासियों** को जल्द पानी की भारी किल्लत का सामना करना पड़ सकता है। दिल्ली में पानी की आपूर्ति न होने से लाखों परिवारों को परेशानी हो सकती है। इसे लेकर दिल्ली सरकार में जल विभाग की मंत्री और आम आदमी पार्टी की नेत्री आतिशी की चिंता बढ़ गई है।

**वित्त सचिव पर जल बोर्ड के फंड बंद करने का आरोप:** आतिशी ने आज मंगलवार को वित्त सचिव आशीष वर्मा पर जल बोर्ड के सारे फंड बंद करने का आरोप लगाया है।



उन्होंने कहा कि चीफ सेक्रेटरी के कहने पर वित्त सचिव ने अगस्त से जल बोर्ड के फंड बंद कर दिए हैं। फंड जारी नहीं किए जाने से सैलरी और रूटीन कामों के लिये भी पैसे नहीं हैं। इसके चलते सभी ठेकेदारों ने काम करने से मना किया है।

**ये इमरजेंसी जैसे हालात: आतिशी**
उन्होने कहा कि आने वाले दिनों में राजधानी के कई इलाकों में पानी की भारी किल्लत हो सकती है। इस दौरान गंदा पानी और सीवर ओवरफ्लो हो सकता है। इससे महामारी का खतरा पैदा हो सकता है। ये इमरजेंसी जैसे हालात हैं। जल मंत्री आतिशी ने इस मामले में दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से तुरंत हस्तक्षेप करने की अपील की है।

## एम्स की डॉक्टर ने सहकर्मी पर लगाया दुष्कर्म का आरोप, फिर कराया गर्भपात

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** एम्स की डॉक्टर ने अपने सहकर्मी पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपित डॉक्टर ने उसका गर्भपात भी कराया। जब पीड़िता ने विरोध किया तो उसे जान से मारने के धमकी दी गई। आरोपित के खिलाफ हौज खास थाने में केस दर्ज किया गया है। आरोपित ने हरिद्वार के मंदिर में पीड़िता से शादी का नाटक भी किया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## कार ने स्कूटी को 120 किमी की रफ्तार से 400 मीटर घसीटा, हादसे ने परिवार छीना

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजौरी** गार्डन थाना इलाके में सोमवार देर रात तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। 120 से 130 की रफ्तार पर काले रंग की ह्युंडई वरना कार को चला रहे चालक ने न सिर्फ स्कूटी को टक्कर मारी, बल्कि वह उसे करीब 400 मीटर तक घसीटता ले गया। इस दर्दनाक हादसे में स्कूटी सवार एक ही परिवार के तीन लोगों की जान चली गई। इसके बाद आरोपित सुभाष नगर की ओर भाग गया। मृतकों की पहचान उत्तम नगर के दिनेश वासन, उनके उनके आठ वर्षीय बेटे दक्ष और आठ महीने के प्रयाण के रूप में हुई व घायल की पहचान दिनेश वासन की पत्नी प्रीति के रूप में हुई है। राजौरी गार्डन थाना पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर आरोपित कार चालक का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

**एक किमी दूर से सुनाई दी आवाज:** घटना के चश्मदीद और पुलिस को कॉल करने वाले नांगलोई के सुमित ने बताया कि सोमवार रात को वह इलाके के रेस्तरां पर खाना खाने के लिए गए थे। तभी उन्हें स्कूटी व कार के टकराने की तेज आवाज आई। आवाज इतनी तेज थी कि एक किलोमीटर दूर से भी सुनाई पड़ जाती।

**स्कूटी को घसीटते हुए ले गई कार:** बाहर आकर देखा तो काले रंग की वरना कार ने मेट्रो पिलर नंबर 430 नंबर के पास स्कूटी को टक्कर मारी। कार चालक स्कूटी को घसीटता हुआ लेकर जा रहा था। तभी स्कूटी से आठ वर्षीय बच्चा गिरा। कार चालक स्कूटी को घसीटते हुए ले जा रहा था। करीब 40 मीटर के बाद आठ महीने का बच्चा गिरा और 40 मीटर के बाद महिला सड़क पर गिर गई। सुमित ने बताया कि सबसे आखिरी में युवक गिरा और कार चालक तब भी नहीं रुका। वह स्कूटी को घसीटता हुआ लेकर गया व करीब 400 से 500 मीटर तक घसीटता लेकर गया। जब कार से स्कूटी निकल गई तो वह सुभाष नगर की ओर भाग गया। सुमित व आसपास के लोगों ने पुलिस व एंबुलेंस के नंबर पर कॉल किया, लेकिन उनके पास इतना समय नहीं था कि वह एंबुलेंस आने का इंतजार करें। उन्होंने सबसे पहले युवक को उठाया व पास से गुजर रही कार को रुकवाकर उन्हें कुकरेजा अस्पताल में भिजवाया। इसके बाद आठ वर्षीय बच्चे को भी राहगीर की कार में दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में भिजवाया। आठ महीने के बच्चे व उसकी मां को गुरु गोबिंद सिंह अस्पताल पहुंचाया।

## मुख्य सचिव की याचिका पर हाईकोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) द्वारा भूमि अधिग्रहण को लेकर ऑनलाइन पोर्टल द वायर द्वारा की गई एक रिपोर्ट को हटाने की मांग से जुड़ी मुख्य सचिव नरेश कुमार की याचिका पर अंतरिम राहत देने के पहलू पर दिल्ली हाई कोर्ट ने आज मंगलवार को अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता की पीठ ने मामले में दोनों पक्षों को सुनने के बाद कहा कि अदालत अंतरिम राहत पर निर्णय सुनाएगी। द वायर की रिपोर्ट में कहा गया था कि नरेश कुमार के बेटे के एक ऐसे परिवार से संबंध थे, जिसे द्वारका एक्सप्रेसवे के लिए एनएचएआइ द्वारा भूमि का एक भूखंड अधिग्रहित किए जाने पर बढ़े हुए मुआवजे से लाभ हुआ था। नरेश कुमार ने लेख को हटाने के साथ ही कोई और अपमानजनक लेख प्रकाशित करने से रोकने का निर्देश देने की मांग की है।

## मनीष सिसोदिया को राउज एवन्यू कोर्ट से नहीं मिली राहत

**परेशानी बढ़ी**

8 पूर्व डिप्टी सीएम और आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया मुश्किलें थमती नहीं दिख रही हैं

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली सरकारी की नई आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व डिप्टी सीएम और आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया मुश्किलें थमती नहीं दिख रही हैं। ताजा मामले में आप नेता आज मंगलवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए।

**11 दिसंबर तक बढ़ी न्यायिक हिरासत:** समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े ईडी के मुख्य मामले में मनीष सिसोदिया और अन्य की न्यायिक हिरासत 11 दिसंबर तक बढ़ा दी है।



अदालत ने मामले की विस्तार से सुनवाई की और पाया कि ईडी की ओर से कई दस्तावेज दाखिल करना बाकी है। इस बीच कोर्ट ने वकीलों से नाराजगी जताते हुए कहा कि 207 सीआरपीसी का अनुपालन जल्द से जल्द पूरा करें ताकि सुनवाई शुरू हो सके। अदालत ने ईडी को भी नोटिस जारी किया और बेनॉय बाबू की अंतरिम जमानत याचिका पर बहस के लिए 24 नवंबर की तारीख तय की। बता दें कि दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम पर दिल्ली आबकारी नीति में भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग करने का आरोप है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने मनीष सिसोदिया और अन्य की न्यायिक हिरासत 11 दिसंबर तक बढ़ा दी है। अदालत ने कहा कि ईडी द्वारा आरोपी व्यक्तियों को अभी भी कई दस्तावेज सौंपे जाने बाकी हैं। कोर्ट ने 207 सीआरपीसी का अनुपालन जल्द से जल्द पूरा नहीं करने पर वकीलों पर नाराजगी जताई।




**सदन की बैठक** एक जून को दिल्ली नगर निगम के दिवस के रूप में घोषित करने का प्रस्ताव सदन की अगली बैठक में पेश किया जाएगा

## सदन में पेश होगा दिल्ली नगर निगम दिवस मनाने का प्रस्ताव

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**एक जून** को नगर निगम के दिवस के रूप में घोषित करने का प्रस्ताव सदन की अगली बैठक में पेश किया जाएगा। मंगलवार को नगर निगम से जुड़े एक अधिकारी ने इस संबंध में जानकारी दी है।

**कब हुई थी नगर पालिका की पहली बैठक:** अधिकारी ने कहा कि 01 जून 1863 में जिस दिन नगर पालिका की सामान्य समिति की पहली बैठक हुई थी। उस दिन नगर निगम दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की जा सकती है। नगर निकाय के एक बयान में कहा गया कि आमतौर पर हर बड़े और ऐतिहासिक संगठन अपने कर्मचारियों की बीच में अपनत्व की भावना पैदा करने के लिए स्थापना दिवस मनाते हैं।




हालांकि, एमसीडी के लिए ऐसा कोई दिन निर्धारित नहीं है। दिल्ली नगर निगम का 160 साल पुराना इतिहास है और देश का सबसे पुराना संगठन है, जो उचित हकदार है। ऐसा करने का एक तरीका स्थापना दिवस मनाना ही है। दिल्ली नगर पालिका फरवरी 1863 में अस्तित्व में आई और अप्रैल 1863 में शहर को चलाने के लिए उपनियम बनाने के लिए समिति की स्थापना की गई। सामान्य समिति की पहली बैठक 1 जून 1863 को आयुक्त की अध्यक्षता में हुई थी। दिल्ली नगर निगम अधिनियम 1957 में अधिनियमित किया गया था और 7 अप्रैल 1958 को लागू हुआ था।

**इतिहास**

8 एमसीडी के लिए ऐसा कोई दिन निर्धारित नहीं है। नगर निगम का 160 साल पुराना इतिहास है

# बिजली कम्पनियां किसानों का शोषण न करके उचित मुआवजा दें, पीएम व सीएम को भेजा ज्ञापन : सतीश छिकारा

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**
**भारतीय किसान** संघ प्रदेश अध्यक्ष सतीश छिकारा के नेतृत्व में किसानों ने एसडीम बहादुरगढ़ राहुल मोदी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को ज्ञापन दिया गया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए भारतीय किसान संघ प्रदेश अध्यक्ष सतीश छिकारा ने कहा कि खेतड़ी से नरेला ट्रांसमिशन लाइन का काम चल रहा है और वह दिल्ली हरियाणा और राजस्थान के किसानों के खेतों से होकर गुजर रही है। लाइन बिछाने वाली कंपनी किसानों को न तो नोटिस देती है और ना ही उचित मुआवजा देती है। जबकि



उक्त कम्पनी बिजली के तार खरीदती है, बिजली के खम्बों को खरीदती है, मजदूर को खर्च देती है तो किसान की जमीन फ्री में क्यों लेना चाहती है? भारतीय किसान संघ प्रदेश अध्यक्ष सतीश छिकारा ने कहा कि यह सरासर भोले भाले किसानों के साथ अन्याय है। उन्होंने केंद्र व हरियाणा सरकार से अनुरोध करते हुए कहा कि किसान की करीब एक एकड़ जमीन खत्म हो जाती है और जहां-जहां से लाइन गई है उसके नीचे जमीन की कीमत ना के बराबर रह जाती है। उन्होंने कहा कि हम विकास के विरोध में नहीं है मगर किसान को उसकी जमीन का उचित मुआवजा दिया जाए या उसे हर साल का किराया मिले जिसमें समय-समय पर बढ़ोतरी का प्रावधान हो।

**शिकायत**

**8 जहां-जहां से लाइन गई है उसके नीचे जमीन की कीमत ना के बराबर हो जाती है, किसानों को नुकसान होता है**

भारतीय किसान संघ प्रदेश अध्यक्ष सतीश छिकारा ने कहा कि इस बारे में पूरे देश में एक स्पष्ट नीति बने ताकि किसानों को परेशानी ना हो और जो भी कंपनी काम करती है उसके प्रोजेक्ट में कोई भी दिक्कत ना आए।
इस समस्या का स्थाई समाधान करके किसानों को बचाने का काम किया जाए और तुरंत इस बारे में स्पष्ट नीति केंद्र व प्रदेश सरकार बनाए। इस अवसर पर चांद हुड्डा, रामवीर राठी, रामकुवांर दलाल, खेल सिंह बामनोली आदि मौजूद रहे।

# एसडीआरएफ की टीम ने दिया आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/कमाल हुसैन**
**उपायुक्त एवं** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया के मार्गदर्शन में एसडीआरएफ की टीम ने मंगलवार को जिला पुलिस लाईन में स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय शिविर का आयोजन कर छात्र-छात्राओं, टीचरों एवं होमगार्ड व एसपीओ को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया। गुरूग्राम भोंडसी स्थित इंडियन रिजर्व बटालियन की एसडीआरएफ की टीम ने छात्रा-छात्राओं को विभिन्न प्रकार की आपदाओं से बचाव व प्राथमिक चिकित्सा के उपायों की जानकारी दी। भूकंप, बाढ़ व अन्य प्राकृतिक आपदाओं में बचाव के तरिके भी सिखाए गए। टीम द्वारा प्रेक्टिकल रूप से विक्टिम लोकेशन कैमरा, थर्मल इमेजिंग कैमरा, एयर लिफ्टिंग बैग सेट, वुड कटर, आयरन कटर, एंगल कटर, बिल्डिंग कटर, डायमंड चेन सा, आर पी सा, चिपिंग हैमर, फायर एक्सटिंग्विशर, सिलेंडर एग्जीक्यूटर, स्किल ड्रिल, हाइड्रोलिक जैक, हाइड्रोलिक कटर, पावर यूनिट, इमरजेंसी लाइट इलेक्ट्रिक सिस्टम, हैमर ड्रिल, पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट, मेडिकल फर्स्ट रिस्पांडर, सेल्फ कॉन्ड्यूट ब्रेथिंग अप्रेचर तथा जरूरत के अन्य टूल आदि का एसडीआरएफ टीम द्वारा इस्तेमाल कर बताया गया। कार्यक्रम में आग से सुरक्षा उपकरण का इस्तेमाल कर दिखाया गया। टीम इंचार्ज सब इंस्पेक्टर महेंद्र ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य लोगों की आपदा के समय मदद करना है। त्वरित मदद से लोगों की जान बचा सकते है। स्कूल प्रिंसिपल अनुपमा सिन्हा ने प्रशिक्षण शिविर की सराहना करते हुए इसके लिए उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया व पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आपदा के दौरान स्कूलों में जान माल का नुकसान न हो, इसके लिए इस प्रकार का प्रशिक्षण बच्चों को देना बहुत जरूरी है।
इस दौरान डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थी, टीचर व काफी संख्या में होमगार्ड व एसपीओं मौजूद रहें।
एसडीआरएफ टीम में इजार्ज सब इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह, सब इंस्पेक्टर विक्रम, सब इंस्पेक्टर नरेश व मुख्य सिपाही रमन, नरेश व संजय मौजूद रहें।

## न्यूज फ्लैश

### घसौली गांव के लाखन की हत्या के मामले में दो और गिरफ्तार

**गन्नौर:** घसौली गांव के लाखन की हत्या के मामले में थाना बड़ी पुलिस ने दो और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपित शुभम व मोहित मलिकपुर गांव के रहने वाले हैं। गिरफ्तार आरोपितों को पुलिस बुधवार को अदालत में पेश करेगी। वहीं पुलिस द्वारा मामले में पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके तुषार को पुलिस ने मंगलवार को अदालत में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। रिमांड अवधि के दौरान पुलिस हत्या में प्रयुक्त शराब की बोतल को बरामद करने का प्रयास करेगी। एसीपी गोरखपाल राणा ने बताया कि लाखन की हत्या के मामले में पुलिस जल्द ही कुछ और आरोपितों को गिरफ्तार करेगी।
**शव को जलाने का भी किया था प्रयास:** लाखन की हत्या के मामले में गिरफ्तार हुए आरोपितों ने खुलासा किया कि उन्होंने लाखन की हत्या करने के बाद उसकी पहचान को छिपाने के लिए शव को जलाने का प्रयास भी किया था। इसके लिए उन्होंने मोटरसाइकिल से पेट्रोल निकाल कर लाखन के शव पर डाल दिया था, लेकिन उनमें से किसी के पास माचिस नहीं मिली जिसके चलते वह शव को नहीं जला सके।
**यह था मामला:** घसौली गांव के लाखन 13 नवंबर से घर से लापता था। थाना बड़ी में उसका गुमशदगी का मामला दर्ज था। इस मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उसके साथी तुषार को गिरफ्तार किया था। जिसने पुलिस को बताया कि उन्होंने ग्यासपुर मार्ग पर एक ट्यूबवैल पर पहले शराब का सेवन किया था। इस दौरान उनकी लाखन के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी, जिसके चलते उन्होंने लाखन की पेट में शराब की बोतल मार कर हत्या कर दी और उसके शव को घटना स्थाल से 100 मीटर दूर मलिकपुर से ग्यासपुर मार्ग पर लगती बंद पड़ी रेत की खान में करीब 2 फुट गहरा गड्ढा खोद कर दबा दिया। तुषार की निशानदेही के बाद पुलिस ने लाखन के शव को जमीन से बाहर निकलवाया था।

### गोपाष्टमी पर गाय की सेवा करने से अच्छे कर्मों की प्राप्ति होती है : जयभगवान

**राई।** गोपाष्टमी के अवसर पर बाबा गौकुल धाम गौवंश उपचार केन्द्र मुरथल में हवन यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्यातिथि कांग्रेस नेता एवं आंतिल बारहा खाप के प्रधान जयभगवान आंतिल ने शिरकत कर हवन यज्ञ में आहुति डाली और अपनी तरफ से 11 हजार रुपएं गायों की सेवा के लिए दान दिया। कार्यक्रम में पहुंचने पर उपचार केन्द्र के प्रधान रेनु, उपप्रधान दीपक त्यागी, सेवक संदीप कुमार आर्यन व बुजुर्गों ने फूलमालाओं से स्वागत किया। कांग्रेस नेता एवं आंतिल बारहा खाप के प्रधान जयभगवान आंतिल ने संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने गोशाला में मौजूद गायों व बछड़ों को हरा चारा व गुड़ खिलाकर गोमाता की सेवा का संकल्प लिया। इसी के साथ परिवार की सुख-शांति की प्रार्थना की। गोशाला में पूजन के लिए आए भक्तों ने बताया कि प्राचीन ग्रंथों में गाय को माता का दर्जा दिया है। गोपाष्टमी पर गाय की सेवा करने से अच्छे कर्मों की प्राप्ति होती है। कांग्रेस नेता एवं आंतिल बारहा खाप के प्रधान जयभगवान आंतिल ने कहा कि आज देश भर में गो अष्टमी का पर्व बड़े चहल पहल के साथ मनाया जा रहा है। गाय की पूजा अर्चना की जाती है। हर घर में एक रोटी वह एक रुपैया गोशाला में भेजा जाए ताकि गोशालाओं में गायों का पालन पोषण किया जा सके। जयभगवान ने कहा कि वैदिक सनातन धर्म में गाय को माता के समान सम्मानजनक स्थान प्राप्त है। मानव जाति की समृद्धि गाय की समृद्धि के साथ जुड़ी हुई है। गोपाष्टमी के पावन पर्व पर गौ माता का पूजन-परिक्रमा कर विश्व की मंगल कामना की प्रार्थना करते हैं। इस मौके पर गणमान्य लोग मौजूद थे।

### नाला ओवरफ्लो गढ़ी केसरी गैस गोदाम के निकट जमीन में जमा हो जाता है दूषित पानी

**गन्नौर।** बरसात के मौसम के चलते जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा शहर में नालों की सफाई करवाई गई थी। हर बार सफाई के काम में खानापूर्ति होने से कुछ ही दिनों बाद गढ़ी केसरी गैस गोदाम के पास से गुजर रहा नाला ओवरफ्लो होने लगता है। नाला ओवरफ्लो होने से सारा दूषित पानी गढ़ी केसरी गैस गोदाम के पास पड़ी खाली जमीन में एकत्रित होने लगता है। पूरा साल इस समस्या की सुध नहीं ली जाती। जिससे विभाग की अनदेखी का खामियाजा लोगों को झेलना पड़ती है। स्थानीय निवासी बलवान, बलजीत, कृष्ण ने बताया कि सफाई के दौरान जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी नालों की सफाई के काम को गंभीरता से नही लेते हैं। लोगों का आरोप है कि नालों के ऊपर कही-कही पर स्लैब उठाकर सफाई करवाई गई है और कही पर स्लैब उठवाए ही नही गए। भारत गैस एंजेसी के गोदाम के पास जहां गंदा पानी भरा हुआ है, वहां भी कई जगह से स्लैब को उठवाकर सफाई नही की गई है। जिससे सफाई के कुछ महीनों बाद ही नाला ओवरफ्लो होकर दूषित पानी यहां खाली जमीन में जमा होने लगता है।

# पॉलिटेक्निक में कौशल रोजगार विषय पर ट्रेनिंग कार्यक्रम शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला (मनीष कुमार)**
**राजकीय** बहुतकनीकी संस्थान अंबाला शहर मे महिन्द्रा प्राइड क्लासरूम व नंदी फाउंडेशन के संयुक्त सौजन्य से कौशल रोजगार विषय पर एक सप्ताह के ट्रेनिंग कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । इस ट्रेनिंग कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओ के अंदर कौशल रोजगार को विकसित करना है । कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के प्रधानाचार्य ड़ा. राजीव सपरा ने किया । इस ट्रेनिंग कार्यक्रम मे अंतिम वर्ष की 45 छात्राओ



ने भाग लिया । कार्यक्रम मे नंदी फाउंडेशन से मिस.नैंसी ने विद्यार्थियो को कौशल रोजगार के विषय पर बहुमुल्य जानकारी दी ।इस अवसर पर उन्होने कहा कि एम्प्लॉयबिलिटी स्किलस कई स्किलस का एक समूह है जिससे हमे सफलतापूर्वक काम करने मे मदद मिलती है । उन्होने बताया कि एम्प्लॉयबिलिटी स्किलस न केवल काम के दौरान हमारी मदद करते है बल्कि बेहतर जीवन जीने मे भी हमारी मदद करते है । इस अवसर पर संस्थान के प्रधानाचार्य ड़ा राजीव सपरा ने भी छात्राओ को संबोधित किया । इस अवसर पर श्रीमति सर्वदीप कौर, हितेश चावला इत्यादि उपस्थित थे।

# प्राकृतिक चिकित्सा पर सेमिनार आयोजित




**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**चेयरमैन** हरियाणा योग आयोग जयदीप आर्य के दिशा निर्देश अनुसार आयुष विभाग पानीपत के तत्वाधान में योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा पर देशबंधु गुप्ता महाविद्यालय पानीपत में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती मां की स्तुति के साथ उनके समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रिंसिपल डॉक्टर संजू अबरोल रही।
इस कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संजय राजपाल ने की । इस मौके पर आयुष विभाग के एङ्मएमङ्मओङ्म डॉक्टर नीलू सिंह , डीङ्मपीङ्मएमङ्म महिपाल बंसल वह पानीपत ब्लॉक के सभी योग सहायक मौजूद रहे।

# बाल भवन में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**जिला बाल** कल्याण परिषद, अंबाला द्वारा बाल दिवस पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन पंचायत भवन, अंबाला शहर में किया गया। बाल दिवस पुरस्कार वितरण समारोह-2023 में उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला बाल कल्याण परिषद अम्बाला डा. शालीन ने पहले, दूसरे, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस समारोह में उपायुक्त द्वारा निर्णायक मण्डल के सदस्यों को भी प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में 495 बच्चों को सम्मानित



किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ उपायुक्त डा0 शालीन ने दीपशिखा प्रज्वलित करके किया तथा मां सरस्वती की आराधना के साथ बच्चों ने विभिन्न प्रकार के मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिनमें हरियाणवी, पंजाबी, संस्कृति पर आधारित मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये। बता दें कि जिला बाल कल्याण परिषद, अंबाला द्वारा 12 अक्तूबर 2023 से 19 अक्तूबर 2023 तक जिला बाल दिवस प्रतियोगिताओं का आयोजन पंचायत भवन, अंबाला शहर में किया गया।

# जान से मारने की नियत से मारपीट करने वाले दो आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**थाना निगदू** की टीम द्वारा जान से मारने की नियत से मारपीट करने वाले दो आरोपियों जसमेर पुत्र धर्म सिंह और कृष्ण लाल पुत्र छज्जू राम वासियान कारसा डोड को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में शिकायतकर्ता विजय पुत्र देवी प्रसन्न वासी बीर बडलवा द्वारा शिकायत दी गई थी कि वह 11 नवंबर को जीरी की ट्राली भरकर ट्रैक्टर के साथ अनाज मंडी निगदू में गया था। जब वह अनाज मंडी में पहुंचा तो रितेश पुत्र चंद वासी कारसा रोड व चार अन्य व्यक्ति कार में आए और वे सभी कार से लोहे की रोड व लाठी-डंडा लेकर उतरे और शिकायतकर्ता पर हमला कर दिया।

# 'प्रदेश सरकार ने गरीबों का जीना मुश्किल कर दिया'

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
भूपेंद्र सिंह हुड्डा के आदेश से हरियाणा में चलाए जा रहे कांग्रेस पार्टी के हाथ से हाथ जोड़ कार्यक्रम व 5 सितंबर से पानीपत ग्रामीण की कॉलोनीयों में चलाए जा रहे 91 दिन के अभियान महिपाल सूबेदार आपके द्वार आज भोला चौक स्थित विजय नगर में सभा में कॉलोनी वासियों को संबोधित करते हुए। महिपाल सूबेदार ने कहा कि बीजेपी व जेजीपी सरकार ने गरीब आदमी का जीना मुश्किल कर दिया है, कॉलोनीयों में किसी का राशन कार्ड काट दिया किसी की प्रॉपर्टी



आईडी की समस्या है किसी की पेंशन नहीं बन रही। कोई डेवलपमेंट चार्ज से परेशान है किसी की फैमिली आईडी में ज्यादा इनकम दिखा करके पेंशन काट दी, सरकारी सुविधाओं के लाभ से वंचित कर दिया। इस सरकार से लोग दुखी होकर के अब चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा को मुख्यमंत्री देखने का मन बना चुके हैं और आने वाली सरकार कांग्रेस पार्टी की है चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डु के नेतृत्व में सरकार बनेगी और हर वर्ग के काम होंगे। चाहे वह मजदूर है छोटा दुकानदार है छोटा व्यापारी है पीछे 10 साल के शासनकाल में भी चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने आमजन के लिए बहुत से कल्याणकारी योजनाएं चलाई और गरीब
आदमी को लाभ पहुंचाने का काम किया। इस मौके पर ,शमशेर वाल्मीकि ,सूबेदार जीत प्रजापत ,सोनू वर्मा ,जसवंत सरदार ,नरेश वर्मा ,यश शर्मा जिम वाले ,राजू गुर्जर, रामकुमार करी, नफे सिंह बाल्मीकि,सुमित पूनिया,और कॉलोनी वासी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# दुष्यंत चौटाला हरियाणा के युवाओं को उनका हक दिलाकर रहेगे: जयदेव नौल्था

## 75% रोजगार आरक्षण कानून को लागू करवाने के लिए खटकायेगे सुप्रीम कोर्ट के दरवाजे

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**ज़िला प्रवक्ता** जयदेव नौल्था ने कहा कि ने कहा कि उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला हरियाणा की नौकरियों में हरियाणवी युवाओं को रोजगार का अधिकार दिलवाने के लिए शुरू से प्रतिबद्ध है।इसके लिए हर स्तर पर लड़ाई लड़ी जाएगी।हरियाणा में स्थापित उद्योग यहां के संसाधनों और इन्फ्रास्ट्रक्चर को इस्तेमाल करते हैं और राज्य सरकार के कानून सभी पर लागू होते हैं।उन्होंने बताया कि स्थानीय युवाओं को रोजगार देने का प्रावधान उद्योग स्थापित करने के एग्रीमेंट का हिस्सा भी होता है।जिससे उद्योगपति अब तक बचते रहे हैं। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला प्रदेश के युवाओ को उनका हक कानूनी प्रक्रिया से राहत लेकर इस एक्ट को लागू करवाकर दिलाएँगे।यह हरियाणा के युवाओं के लिए बहुत जरूरी है।उन?होंने कहा कि हरियाणा के युवाओं को अवसर नहीं मिल पाता है।हमारे राज्य में लाखो उद्योग खुल चुके है पर नौकरी बाहरी राज्य के लोग कर रहे है।अगर यह ऐतिहासिक कानून लागू हो जाए तो हरियाणा के लाखों युवाओं को रोजगार मिल जाएगा। हमें उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट में हरियाणा के युवाओं को उनका हक मिलेगा। पहले भी 3 फरवरी 2022 को हाईकोर्ट ने कानून लागू करने पर



रोक लगा दी थी।इसके बाद गठबंधन सरकार ने शीर्ष अदालत का दरवाजा खटकाया तो 17 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने आदेश को रद्द कर 4 सप्ताह में फैसला देने का निर्देश दिया पर हाईकोर्ट में फैसले पर डेढ़ साल लग गया। जेजेपी ने अपना चुनावी वायदा पूरा करते हुए सरकार बनने के बाद नवंबर 2021 में हरियाणा राज्य स्थानीय उम्मीदवारों को रोजगार अधिनियम की अधिसूचना जारी की थी।15 जनवरी 2022 से यह ऐतिहासिक कानून लागू हो गया था। जयदेव नौल्था ने कहा की जब से यह रोजगार कानून दुष्यंत चौटाला ने लागू करवाया है तब से विपक्षी पार्टियों की नीद उड़ा रखी है। विपक्षी पार्टियों को पता है कि जब यह कानूनी अडचनो के बाद रोजगार अधिनियम लागू होगा, तो दुष्यंत चौटाला को मुख्यमंत्री बनने से कोई रोक नही सकता।प्रदेश के लोगो को आज पता है कि दुष्यंत चौटाला जो कहते है वो करके दिखाते है।

# मादक पदार्थ तस्करी के दोषी को तीन साल कैद की सजा

## अदालत ने दोषी पर दस हजार रुपये जुर्माना भी लगाया

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**अतिरिक्त जिला** एवं सत्र न्यायाधीश विमल सपरा की अदालत ने मादक पदार्थ तस्करी के मामले में सुनवाई के बाद आरोपित को दोषी करार दिया है। अदालत ने दोषी को तीन साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही दोषी पर 10 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर छह माह अतिरिक्त कैद की सजा भुगतनी होगी। सीआईए स्टाफ में नियुक्त एएसआई अनिल कुमार ने 15 अक्तूबर, 2019 को मुरथल थाना पुलिस को

**काबू**

**8 युवक ने अपनी पहचान दिल्ली के रोहिणी स्थित सेक्टर-15 निवासी उज्जवल वालिया के रूप में दी थी**

बताया था कि वह अपनी टीम साथ मुरथल अड्डा पर गश्त कर रहे थे। उस दौरान उन्हें सूचना मिली थी कि एक कार सवार युवक चरस लेकर यहां से गुजरने वाला है। जिस पर टीम ने भिगान टोल प्लाजा के पास जाकर नाका लगा दिया था। इसी बीच एक कार आती दिखाई दी थी। पुलिस टीम को देखकर कार चालक वापस मुडकर भागने का प्रयास करने लगा था। जिस पर पुलिस ने उसे दबोच लिया था। युवक ने अपनी पहचान दिल्ली के रोहिणी स्थित सेक्टर-15 निवासी उज्जवल वालिया के रूप में दी थी। पुलिस ने तत्कालीन डीएसपी वीरेंद्र सिंह की मौजूदगी में आरोपित की तलाशी ली थी। पुलिस ने उसके पास से 920 ग्राम चरस बरामद की थी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया था। आरोपित के खिलाफ मुरथल थाना में मादक द्रव्य निरोधक अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर लिया था। आरोपित ने शुरूआती पूछताछ में बताया था कि वह चरस को हिमाचल के कसौल से लेकर आया था। उसने चरस को दिल्ली में ले जाकर बेचना था। उसे जेल भेज दिया गया था। मामले की सुनवाई के बाद अब एएसजे विमल सपरा की अदालत ने दो दोषी करार दिया है। दोषी को 20 एनडीपीएस एक्ट में तीन साल कैद व 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई है।

# रोटरी क्लब आफ गन्नौर रायल ने सड़क सुरक्षा को लेकर वाहनों पर लगाई रेडियम टेप

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
रोटरी क्लब आफ गन्नौर रायल ने ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से सड़क सुरक्षा को लेकर मंगलवार को वाहनों पर रेडियम टेप लगाई।
इस दौरान क्लब के पदाधिकारियों ने शहर में प्रवेश करने वाले करीब 200 वाहनों पर रेडियम टेप टेप लगाई और वाहन चालको को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। क्लब के प्रधान जतिन जैन ने बताया कि घने कोहरे में वाहनों के पीछे रेडियम टेप का लगा होना बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया कि अगर वाहन पर पीछे रेडियम टेप/रिफलेक्टर टेप लगी हो तो कोहरे में दूर से भी वाहन आसानी से दिख जाते हैं और हादसा होने से टल सकता है। इस अवसर पर प्रोजेक्ट चेयरमैन अजय जैन, दीपक जैन, गौरव जैन, अजय त्यागी, श्वेत मित्तल, प्रवीण मित्तल, नितिन बंसल, नितिन जैन, सचिन जैन, नरेंद्र लाकड़ा मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### खंड स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता में महिलाओं ने दिखाया दम

**गन्नौर।** गढ़ी केसरी रोड स्थित शाश्वत चेतना सीनियर सेकेंडरी स्कूल में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित खंड स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में एसडीएम डा. निर्मल नागर ने कहा कि खेलों से महिलाओं को अपनी प्रतिभा व क्षमता दिखाने का मौका मिलता है। आज महिलाएं विश्व स्तर पर खेलों के माध्यम से देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए लगातार जरूरी कदम उठा रही है जिससे खेल व खिलाडियों को प्रोत्साहन मिल रहा है। इस अवसर पर इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रवीन कुमारी, सीडीपीओ सतवंती मलिक, कार्यालय सहायक कमला देवी, आंकड़ा सहायक देवेंद्र, जगबीर सिंह, संदीप कुमार के अलावा सीडीपीओ विभाग से महिला सुपरवाइजर, आंगनवाड़ी वर्कर, हेल्पर व विभिन्न कर्मचारी उपस्थित रहे।

**– इन महिलाओं ने प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा**

महिला खेलकूद प्रतियोगिता में 400 मीटर दौड़ में पुरखास की सोनू प्रथम, दातौली की वंशिक दूसरे व लड़ासौली की नेहा तीसरे स्थान पर रही। 300 मीटर दौड़ में दातौली से काजल प्रथम, कुराड से ह्नयोति दूसरे व लल्हेड़ी कला से महक तीसरे स्थान पर, 100 मीटर दौड़ में माजरी से किरण प्रथम, अहुलाना से सुमन दूसरे व बजाना खुर्द से सीमा तीसरे स्थान पर रही। मटका दौड़ में हसनपुर से मिनाक्षी ने पहला, सैयाखेड़ा से जयंति ने दूसरा व आलुलाना से ह्नयोति ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। आलू-चम्मच दौड़ में सैंयाखेड़ा से अन्नू प्रथम, लड़सौली से पूनम दूसरे व नरेश देवी तीसरे स्थान पर रही। साइकिल दौड़ में गढ़ी केसरी से हिमांशी प्रथम, गन्नौर से काजल दूसरे व बड़ी से अक्षरा तीसरे स्थान पर रही। एसडीएम डा. निर्मल नागर ने विजेता महिलाओं को सम्मानित किया।

### अंडर 15 मिनी फुटबाल की विजेता बनी ढुल एफसी क्लब ब्लू की टीम

**गन्नौर।** जनचेतना स्पोर्टस क्लब द्वारा आयोजित अंडर 15 मिनी फुटबाल प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन हुआ। प्रतियोगिता का फाइनल मैच ढुल एफसी क्लब रेड व ढुल एफसी क्लब ब्लू के बीच खेला गया। जिसमें ढुल एफसी क्लब ब्लू विजेता रही। प्रतियोगिता में नगरपालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी ने बतौर मुख्यातिथि व विशिष्ट अतिथि आल इंडिया ब्राह्मण महासभा के प्रधान हरिप्रकाश शर्मा ने शिरकत की। अरुण त्यागी ने विजेता टीम को मेडल व ट्राफी देकर सम्मानित किया। अरुण त्यागी ने कहा कि देश भर में हरियाणा के खिलाड़ियों का डंका बज रहा है। हरियाणा की खिलाड़ियों के दम पर देश अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। खेलों को बढ़ावा देने के लिए केंद्र व प्रदेश की सरकार हर संभव प्रयासरत है, जिसके दूरगामी परिणाम भी निकले हैं। उन्होंने विजेता टीमों को जीत की बधाई दी। वरिष्ठ नेता हरिप्रकाश शर्मा ने कहा कि खेलो से शारीरिक विकास के साथ मानसिक विकास होता है। इसलिए कोई न कोई खेलना चाहिए। प्रतियोगिता के आयोजकों ने अरुण त्यागी को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर त्यागी ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष महाबीर शर्मा, दयानंद शर्मा, जगदेव, राजेश कौशिक, वेद प्रकाश शर्मा मौजूद रहे।

### विद्यार्थियों ने की सुरंग में फंसे मजदूरों की सकुशल वापसी के लिए प्रार्थना

**राई।** ओम शांति शिक्षा सदन नाथुपुर के छात्रों ने उत्तराखंड में यमुनौत्री राष्ट्रीय महामार्ग पर निमार्णाधीन सुरंग सीलक्यारा में फंसे मजदूरों की सकुशल वापसी के लिए प्रार्थना की। प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता ने बताया कि यमुनौत्री राष्ट्रीय महामार्ग पर निमार्णाधीन सुरंग में डंडाल गांव के बीच पिछले 10 दिनों से 41 मजदूर अपनी जिंदगी के लिए जंग लड़ रहे हैं।

### ड्यूरेक्स द बड्र्स एंड बीज टॉक बना शिलांग चेरी ब्लॉसम फेस्टिवल 2023 का हेल्थ पार्टनर

**नोएडा।** कंज्यूमर हेल्थ, हाइजीन एवं न्यूट्रिशन क्षेत्र में दुनिया की अग्रणी कंपनी रेकिट के ड्यूरेक्स द बड्र्स एंड बीज टॉक प्रोग्राम शिलांग चेरी ब्लॉसम फेस्टिवल 2023 के तीसरे संस्करण का हेल्थ पार्टनर बन गया है। प्लान इंडिया द्वारा ड्यूरेक्स टीबीबीटी को पूर्वोत्तर के छह राज्यों, दिल्ली और गुजरात में शुरू किया जा रहा है। यह वार्षिक उत्सव पर्यटन विभाग, मेघालय द्वारा आयोजित किया जा रहा है। स्थानीय और स्वदेशी रुझानों से प्रेरित इस सांस्कृतिक और संगीतमय उत्सव में यहां की लोकप्रिय संस्कृति को बेहद खूबसूरती के साथ पेश किया जा रहा है। यह सांस्कृतिक कार्यक्रम पूर्वोत्तर भारत का एक प्रमुख आकर्षण है। संस्कृति, कला और संगीत के इस उत्सव में अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय और स्थानीय संगीतकारों का खूबसूरत संगम देखने को मिला है। यहां इन कलाकारों ने अपनी शानदार पर्फोर्मेंस से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। गौरव जैन, एग्जिक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट, रेकिट – साउथ एशिया, ने "ड्यूरेक्स द बड्र्स एंड बीज टॉक' पहल के महत्व पर बात करते हुए कहा कि, "ड्यूरेक्स द बड्र्स एंड बीज टॉक पहल की संकल्पना हमारी विकसित होती दुनिया को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है। इस पहल का उद्देश्य युवा पीढ़ी को सही राह दिखाना है।

# निगम में जन सुनवाई का हुआ आयोजन

## क्रिड ने लाभार्थियों से की मुलाकात, मकानों का किया भौतिक निरीक्षण

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। मंगलवार** को नगर निगम क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी की दो दिवसीय सोशल ऑडिट यानि सामाजिक अंकेक्षण सम्पन्न हुई। इस दौरान बीते दिन व आज नगर निगम के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर इस योजना का लाभ ले रहे लाभार्थियों से मुलाकात की गई। उनके मकानो का भौतिक निरीक्षण किया गया तथा सामूहिक चर्चा भी की। मीटिंग एवं जन सुनवाई कार्यक्रम नगर निगम कार्यालय के सभागार में आयोजित हुआ।

इस अवसर पर स्वतंत्र सुविधा एजेंसी, ग्रामीण



और औद्योगिक विकास अनुसंधान केन्द्र (क्रिड) चण्डीगढ़ के प्रोजेक्टर डायरेक्टर डा. मनोज कुमार तेवतिया ने बताया कि इस योजना के चार मुख्य घटक हैं, जिसमें स्थानीय स्लम पुर्नविकास (आई.एस.एस.आर.), ऋण आधारित ब्याज सब्सिडी योजना (सी.एल.एस.एस.), भागीदारी में किफायती आवास (ए.एच.पी.) एवं लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण/विस्तार (बी.एल.सी.) है। इस प्रकिया में लगभग 60 नागरिकों ने हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी देते उन्होंने बताया कि करनाल शहर में 2134 लोगों ने इस योजना के अंतर्गत आवेदन किया था, जिसमें से 791 आवदेन कताओं को पूर्ण रुप से योग्य पाया गया। इसमें से 480 लाभार्थियो को योजना का पूर्ण लाभ प्रदान किया जा चुका है। दो दिवसीय सोशल आडिट मीटिंग एवं जन सुनवाई का आयोजन नगर निगम करनाल द्वारा आयोजित किया गया है तथा यह मीटिंग एवं जन सुनवाई चंडीगड़ स्थित शोध संस्था क्रिड की देखरेख में आयोजित की गई। इस कार्य के लिए शोध संस्थान क्रिड को हाऊसिंग फॉर आल विभाग हरियाणा द्वारा चयनित किया गया है।

क्रिड से आई टीम के प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने सोशल आडिट कमेटी मीटिंग के प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए सोशल आडिट के उदेदश्यों तथा फायदों का प्रकाश डालते हुए जानकारी दी की यह प्रकिया सहभागिता, उत्तरदायित्व, निगरानी एवं पारदर्शिता को बढ़ाने वाली है। उन्होंने अन्य राज्यों में सोशल आडिट से हो रहे फायदों की जानकारी भी दी। सोशल आडिट मीटिंग प्रतिभागियों को पांच सब कमेटी में बांटा गया, जिसमें पहली कमेटी ने पीएमएवाई शहरी से संबंधित नियोजन एवं क्रियांवयन दस्तावेजों का निरीक्षण किया।

# हरिद्वार रवाना हुआ कार्तिक सुनने वालों का जत्था



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। सदर** बाजार स्थित उत्तम औषधालय में माता राम प्यारी मंदिर प्रांगण में चल रही कार्तिक मास कथा में हिस्सा लेने वाले श्रद्धालु मंगलवार को वैद्य देवेंद्र बत्रा व उनकी धर्मपत्नी दर्शना बत्रा के सानिध्य में हरिद्वार रवाना हुए। करीब 300 श्रद्धालुओं का जत्था 5 बसों व अन्य 14 वाहनों में हरिद्वार पहुंचा, जहां सभी श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई।

सदर बाजार से सुबह 6 बजे रवाना हुए इस जत्थे में श्रद्धालु भजन कीर्तन करते हुए हरिद्वार पहुंचे। सभी के लिए होटल गोल्ड पानीपत की ओर से यमुनानगर में नाश्ते का इंतजाम किया गया और वापसी में पानीपत होटल गोल्ड में रात्रिभोज के लिए ठहराव हुआ। इससे पहले सुबह 4 बजे वैद्य देवेंद्र बत्रा व उनकी धर्मपत्नी दर्शना बत्रा के सानिध्य में हवन यज्ञ किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने परिक्रमा के बाद आहुति डाली।

# सभी वर्गों की ट्रांसफर इसी सत्र में करे सरकारः कृष्ण कुमार निर्माण

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**शिक्षक तबादला** करवाओ संघर्ष समिति हरियाणा ने सरकार और शिक्षा विभाग से सीधे तौर पर गुहार लगाई कि सभी वर्गों के तबादले इसी सत्र में किए जाएं। बेशक तबादले प्रभावी एक अप्रैल, दो हजार चौबीस से कर दिए जाएं।

उपरोक्त मांग करते हुए संघर्ष समिति के राज्य प्रधान कृष्ण कुमार निर्माण, प्रदेश सचिव रामनिवास संगोही और प्रदेश प्रवक्ता ऋषिराज नरवाल ने कहा कि सरकार द्वारा बनाई गई ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी निश्चित रूप से न केवल सराहनीय है, बल्कि तमाम तरह के भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के साथ-साथ तबादलों के नाम पर तथाकथित बाबूशाही को भी जड़ से खत्म करने का काम करती है। कृष्ण कुमार निर्माण ने मांग की कि सरकार व शिक्षा विभाग ट्रांसफर बारे स्थिति न केवल साफ करे, बल्कि हर हाल में ट्रांसफर इसी सत्र में किया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने मांग की कि सभी वर्गों के शिक्षकों के तबादले इसी सत्र में किए जाएं, क्योंकि तबादलों का कार्य इसी वर्ष जून माह में शुरू किया था। मगर अब स्थिति का कुछ अता-पता नहीं है जो कि सरकार व विभाग की लापरवाही को न केवल दर्शाती है, बल्कि यह शिक्षकों का मानसिक शोषण भी है, जिसे सहन कर पाना दुष्कर कार्य है।

उन्होंने मांग की कि सत्र का बहाना सरकार न बनाए और इसी सत्र में सरकार तबादले जरूर करे और सभी वर्गों यथा जेबीटी से टीजीटीएपीजीटीए प्राचार्य तक के तबादले करे। अध्यापक प्रतिनिधियों ने यह भी याद दिलाया कि पिछली साल भी सरकार और विभाग ने मिलकर जनवरी माह में तबादले किये थे। उन्होंने कहा कि सरकार सभी वर्गों के तबादले इसी सत्र में कर दे, बेशक उन्हें प्रभावी अगले सत्र से कर दे। कृष्ण कुमार निर्माण ने सरकार से अनुरोध करते हुए यह सुझाव भी दिया कि अगर फिर भी कोई तकनीकी कारणों से विवशता है तो फिर इसी वर्ष के जनवरी में जो एडजस्टमेंट किया गया था, उसी तर्ज पर कम से कम उन शिक्षकों का तबादला जरूर किया जाए, जो एनिवेहर में गए हैं और जिन्हें टेम्परारी स्टेशन मिलें हैं, उनके तबादले जरूर किए जाएं। साथ ही उन्होंने प्रदेशभर के तमाम शिक्षक संगठनों से भी अपील की कि वे सरकार और विभाग पर ट्रांसफर के लिए दबाब बनाएं।

# 'श्रीमद्भागवत एक वेदरूपी कल्पवृक्ष का फल है जिसमें सिर्फ रस ही रस है'

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
गुमड़ गांव के राजकीय प्राथमिक स्कूल में चल रही श्रीमद्भागवत कथा करते हुए श्रीधाम वृंदावन से आए कथावाचक श्री द्वारकाधीश महाराज ने श्रीकृष्ण एवं सुदामा की मित्रता को सर्वोत्कृष्ट बताया।

**भेद परमात्मा को स्वीकार नहीं**

**8 अमीरी और गरीबी का भेद परमात्मा को स्वीकार नहीं है। उन्होंने कहा कि जात-पांत, ऊंच-नीच परमात्मा की दृष्टि में सब बराबर हैं। जो परमात्मा का स्मरण दुख में भी करता है उसे परमात्मा सुख अपने आप प्रदान करता है**

उन्होंने हुए कहा कि अमीरी और गरीबी का भेद परमात्मा को स्वीकार नहीं है। उन्होंने कहा कि जात-पांत, ऊंच-नीच परमात्मा की दृष्टि में सब बराबर हैं। जो परमात्मा का स्मरण दुख में भी करता है उसे परमात्मा सुख अपने आप प्रदान करता है। हरी का भजन ही सत्य है। सांसारिकता झूठी है, भगवान अपने भक्तों का योग क्षेम सदैव करते हैं। जो परमात्मा की शरण में रहता है उसका ही जीवन धन्य होता है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत एक वेदरूपी कल्पवृक्ष का फल है जिसमें छिलका व गुठली नहीं होती, सिर्फ रस ही रस होता है। कथा की व्यवस्था में रामपाल गुप्ता, श्यामलाल बंसल, लखपत बंसल, सूरज बंसल, हर्ष बंसल, सरपंच प्रतिनिधि रविंद्र पहल, शीला बंसल, राजरानी बंसल, मोना बंसल के अलावा गुमड़ के ग्रामीण विशेष सहयोग दे रहे हैं।

# 'जन संवाद में आई शिकायतों का अधिकारी जल्द करें निपटारा'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। उपायुक्त अनीश** यादव ने जिला अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे अपने-अपने विभाग से संबंधित जन संवाद की शिकायतों के निपटान के लिए अपने स्तर पर जल्द से जल्द कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। इसके अलावा मुख्यालय से संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए उच्च अधिकारियों से बातचीत करें ताकि पात्र व्यक्ति की समस्या का समय पर समाधान हो सके और वह सरकार की योजना का लाभ उठा सके।

उपायुक्त मंगलवार को लघुसचिवालय की सभागार में आयोजित बैठक में जन संवाद से



संबंधित शिकायतों के निराकरण के लिए समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री, मंत्रियों, सांसदो तथा विधायकजनों के जन संवाद के दौरान आई शिकायतों एवं समस्याओं का निर्धारित समय अवधि के दौरान प्राथमिकता के आधार पर निवारण करें। इसके लिए सभी विभागों के अधिकारी आपसी तालमेल के साथ कार्य करें।

**निगरानी**

**8 प्राप्त शिकायतों एवं शिकायतों की चण्डीगढ़ मुख्यालय उच्च अधिकारियों द्वारा निगरानी की जाती है।**

उन्होंने कहा कि जन संवाद कार्यक्रम सरकार का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम के तहत प्राप्त शिकायतों एवं शिकायतों की चण्डीगढ़ मुख्यालय उच्च अधिकारियों द्वारा निगरानी की जाती है। इसलिए सभी अधिकारी गहन रूची लेकर समस्याओं का समाधान करें। इस कार्य में लापरवाही बरतने पर संबंधित विभाग के अधिकारी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उपायुक्त ने समीक्षा के दौरान मुख्यतः बिजली विभाग, पशुपालन विभाग, क्रीड विभाग, खाद्य पूर्ति विभाग, सौर ऊर्जा विभाग तथा समाज कल्याण विभाग से संबंधित शिकायतों की समीक्षा की।

इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा, करनाल शुगर मिल के प्रबंध निदेशक हितेन्द्र कुमार व सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# एसपी ने उपनिरीक्षक के कंधों पर स्टार लगाकर निरीक्षक के पद पर किया पदोन्नत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**पुलिस अधीक्षक** शशांक कुमार सावन ने सब इंस्पेक्टर से इंस्पेक्टर के पद पर पदोन्नति होने पर आज अपने कार्यालय में ऋषिपाल सिंह के कंधों पर स्टार लगाकर पदोन्नत किया। पदोन्नत निरीक्षक फिलहाल स्पेशल स्टॉफ असंध में बतौर इंचार्ज कार्यरत है।

निरीक्षक ऋषिपाल सिंह जिला जींद के निवासी है और सन् 1992 में हरियाणा पुलिस में बतौर सिपाही के पद पर भर्ती हुए थे। लगातार मेहनत और लगन से कार्य करते हुए सन् 2004 में मुख्य सिपाही और सन् 2010 में सहायक उप निरिक्षक पदोन्नत हुए थे। सहायक उप निरीक्षक के पद पर रहते हुए ऋषिपाल सिंह बतौर चौंकी इंचार्ज भी कार्य कर चुके है और इसके बाद सन् 2018 में उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए।

उप निरीक्षक के पद पर रहते हुए ऋषिपाल सिंह इंचार्ज शिकायत शाखा डीपीओ करनाल और प्रबंधक थाना निसिंग भी रहे। इसके बाद ये पिछले दो साल से स्पेशल स्टाफ असंध में बतौर इंचार्ज कार्य कर रहे थे। जिसके दौरान इन्होंने लूट, डकैती और अन्य बड़े मामलों को सुलझाते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर मामलों को सुलझाया। इसी क्रम में लगातार मेहनत और ईमानदारी से स्पेशल स्टॉफ असंध में बतौर इंचार्ज कार्य करते हुए 20 नवंबर को निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए।

पुलिस अधीक्षक ने पदोन्नत हुए निरीक्षक ऋषिपाल सिंह के कंधों पर स्टार लगाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। साथ ही पदोन्नत हुए निरीक्षक ऋषिपाल सिंह को इसी तरह पूरी मेहनत व लगन से अनुशासन में रहकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

# हरियाणा राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्यों ने स्टेक होल्डर की ली बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/सिरसा**
**हरियाणा** राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्य डा. मांगे राम व मीना शर्मा ने मंगलवार को स्थानीय जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय में स्टेक होल्डर की बैठक ली। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी डा. दर्शना सिंह, उप सिविल सर्जन डा. भारत भूषण भी मौजूद रहे। आयोग के सदस्य डा. मांगे राम व मीना शर्मा ने बाल संरक्षण, पोक्सो एक्ट, जेजे एक्ट, चाइल्ड लेबर, बाल विवाह, नशा आदि संवेदनशील मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में योजनाओं के क्रियांवयन व सामने आ रही समस्याओं के निवारण को लेकर भी बातचीत की गई। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्कूलों में बच्चों की काउंसलिंग करवाई जाए ताकि बच्चे खुलकर अपनी समस्याओं के बारे में बता सकें।

# वॉटर स्पलाई के कार्य को लेकर नये ले-ऑउट प्लान की डीसी ने की समीक्षा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। डीसी अनीश** यादव ने मंगलवार को घरौंडा में नये ले-ऑउट प्लान के तहत होने वाले सीवरेज व वॉटर स्पलाई के कार्य की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने लघुसचिवालय में द्वितीय तल पर स्थित एनआईसी की लैब में तकनीकी माध्यम से उपरोक्त ले-ऑउट प्लान की विस्तार से जानकारी ली। इस मौके पर उनके साथ नगर निगम कमिश्नर अभिषेक मीणा भी मौजूद रहे। इस उपरांत उन्होंने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को भविष्य में होने वाले इस कार्य को लेकर



आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। डीसी अनीश यादव ने कहा कि सीवरेज व वॉटर सप्लाई के कार्य को लेकर सही तरीके से डिमार्केशन होने चाहिए ताकि भविष्य में लीकेज आदि की समस्या से आसानी से निपटा जा सके।

उन्होंने कहा कि नये ले-ऑउट प्लान के तहत सीवरेज व वॉटर सप्लाई की पाईपों का काम होने वाले क्षेत्र की लोकेशन भी सोफ्टवेयर में अपडेट की जाए ताकि भविष्य में पाईप लाईन की रेखाओं को आसानी से देखा जा सके। इसके साथ-साथ इस कार्य में लगने वाले निर्माण सामग्री की भी गुणवत्ता भी उत्तम होनी चाहिए। इसी कड़ी में सडकों पर स्थित सीवरेज लाईन पर बनने वाले मैनहॉल की निकासी का भी उचित प्रबंध होना चाहिए। इस दौरान उन्होंने नये ले-ऑउट प्लान को लेकर राजस्व विभाग के अधिकारियों से पानी व सीवरेज की पाईप लाईन गुजरने वाली सडकों की भी मैप अनुसार जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी नये ले-ऑउट प्लान के तहत ही कार्य करें ताकि आने वाले समय में किसी भी कठिनाई का सामना न करना पड़े।

# साफ-सफाई रखने के प्रति किया सचेत: अरूण भार्गव

## गांधीगिरी के तहत दुकानों के आगे गंदगी फैलाने वाले जोन 2 के 15 दुकानदारों को सफाई टीम ने दी चॉकलेट

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**नगर निगम** आयुक्त अभिषेक मीणा के निदेर्शानुसार शहर की साफ-सफाई बनाए रखने को लेकर नगर निगम निरंतर काम कर रहा है। इसके लिए सफाई शाखा की ओर से गांधीगिरी अभियान चलाया गया था, जिसके तहत टीम शहरवासियों, विशेषकर व्यवसायिक क्षेत्रों में दुकानदारों को जागरूक करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को शहर के जोन नम्बर 2 के अंतर्गत बीज मार्किट, कर्ण गेट मार्किट व गुड मंडी क्षेत्र के 15 दुकानदारों को, दुकान के आगे व आस-पास कूड़ा



फैलाने के चलते गांधीगिरी के तहत चॉकलेट देकर सचेत किया गया। यह जानकारी उप निगमायुक्त अरूण भार्गव ने दी।

उन्होंने बताया कि जोन 2 में मार्किट एरिया का एक सप्ताह से सर्वे किया जा रहा था, जिसके तहत दुकानदारों द्वारा अपने परिसर के आगे साफ-सफाई रखी जा रही है या नहीं, को चेक किया गया। इस दौरान जिन दुकानों के आगे गंदगी दिखाई देती थी, उन्हें समझाया भी गया। परंतु बार-बार समझाने के बावजूद जो दुकानदार समझ नहीं रहे थे, ऐसी 15 दुकानें चिन्हित की गई, जिन्हें अंतिम बार समझाते हुए हाथ जोडकर चॉकलेट दी गई और स्वच्छता के प्रति सचेत किया गया। उन्होंने बताया कि शहरवासियों को जागरूक करने के मकसद से निगम की मोटीवेटर टीम द्वारा सूचना, शिक्षा और संचार गतिविधियां भी समय-समय पर चलाई जाती है।

उन्होंने बताया कि नगर निगम शहर को स्वच्छ व साफ-सुंदर बनाए रखने के लिए कृत संकल्प है। इसके लिए शहर की विशेष साफ-सफाई को लेकर प्लान भी बनाया गया है तथा सफाई कर्मियों को भी उसी अनुसार काम करने के निर्देश दिए गए हैं। मार्किट क्षेत्रों में दिन की सफाई केअतिरिक्त रात्रि सफाई भी करवाई जाती है। उन्होंने सभी दुकानदारों से पुनः अपील करते कहा है कि वह दुकानों से निकलने वाला कूड़ा-कर्कट अपने डस्टबिन में रखें और उसे कूड़ा एकत्रित करने वाले वाहनों में ही डालें। उन्हें इस बारे भी जागरूक किया गया कि मार्किट क्षेत्र में जो लिटर बिन रखे गए हैं, वह केवल ग्राहकों व राहगिरों के लिए हैं, ताकि वह अपना कूड़ा इधर-उधर गिराने के बजाए इनमें डाल सकें।

# नैनो उर्वरक जागरुकता अभियान के अन्तर्गत हुआ किसान सभा का आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**इफको** करनाल के वरिष्ठ क्षेत्र प्रबंधक डॉ. निरंजन सिंह बताया कि इफको द्वारा मंगलवार को गांव चान्द समंद पैक्स में नैनो उर्वरक जागरुकता अभियान के अन्तर्गत किसान सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रबंधक अजायब सिंह व बिक्री केन्द्र प्रभारी रणबीर सिंहए चान्द समंद पैक्स सहित 45 किसानों ने भाग लिया। सर्वप्रथम डा.निरंजन सिंह ने इफको द्वारा विश्व में सबसे पहले तैयार किए गए नैनो यूरिया व नैनों डीएपी के महत्त्व के बारे में किसानों से विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने बताया की नैनो यूरिया की 500 एमएल की एक बोतल दानेदार यूरिया के एक 45 किलो के बोरे के बराबर कार्य करती है व इसका प्रयोग



फसलों पर स्प्रे के रूप में किया जाता है, इसलिए इसकी प्रयोग क्षमता परम्परागत यूरिया से अधिक है। पौधे पत्तों व तने के माध्यम से इसको अवशोषित कर लेते हैं। यूरिया की तरह नैनो यूरिया भूमिगत जलए जमीन व वातावरण को प्रदूषित नहीं करता है। नैनो यूरिया जहा युरिया का विकल्प तो है पर इससे पैदावार में बढ़ोतरी होती है। नैनो डीएपी के बारे में चर्चा करते हुए उन्होंने बताया की नैनो डीएपी भी परंपरागत डीएपी का विकल्प है व यह भी फसलों की उत्पादकता बढ़ाने में कारगर है। यह परंपरागत डीएपी से सस्ता है। डीएपी की एक बोरी की कीमत रुपये 1350 है जबकि नैनो डीएपी तरल 500 मिली की एक बोतल की कीमत मात्र रुपये 600 है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 22 नवंबर 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# शैक्षिक संस्थानों में भी तीसरी आंख से बेटियों की सुरक्षा

## योगी सरकार महिलाओं, बच्चों और सीनियर सिटीजन की सुरक्षा को लेकर काफी सजग

**कैमरे की जद में**

- सुरक्षा प्राथमिकता: शहरों के निजी कोचिंग संस्थानों की भी तीसरी आंख से मॉनिटरिंग की जा रही

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**योगी** सरकार महिलाओं, बच्चों और सीनियर सिटीजन की सुरक्षा को लेकर काफी सजग है। इसको लेकर लगातार सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। स्कूल जाने वाली बेटियों की सुरक्षा योगी सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है, जिसको देखते हुए योगी सरकार ने सेफ सिटी परियोजना के तहत प्रदेश के 17 नगर निगमों और गौतमबुद्धनगर के सरकारी, गैर सरकारी विद्यायलों, कॉलेज, मदरसों, विश्वविद्यालयों के एंट्री और एग्जिट प्वॉइंट को सीसीटीवी से लैस किया है। इसके अलावा, इन शहरों के निजी कोचिंग संस्थानों की भी तीसरी आंख से मॉनिटरिंग की जा रही है। योगी सरकार ने यह निर्णय इन संस्थानों के बाहर लगने वाले अराजकतत्वों के जमावड़े और छेड़खानी की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिये लिया है। इतना ही नहीं, योगी सरकार की ओर से निजी कोचिंग संस्थानों में बेटियों की सुरक्षा को लेकर एक गाइड लाइन भी जारी की गयी है।

**सीसीटीवी के लिए 2500 विद्यालयों को किया गया चिन्हित:** योगी सरकार द्वारा सेफ सिटी परियोजना के तहत 17 नगर निगम और गौतमबुद्धनगर के 2500 विद्यालयों को सीसीटीवी से लैस करने के लिए चिन्हित किया गया। इनमें से 1692 विद्यालयों में सीसीटीवी लगाए जा रहे हैं जबकि शेष में लगाने का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। इन संस्थानों में 26,568 सीसीटीवी लगाए जा चुके हैं। इनमें 68 मान्यता प्राप्त राजकीय विद्यालय, 646 सहायता प्राप्त वद्यालय और 1786 वित्त विहीन विद्यालय शामिल हैं। इन विद्यालयों के क्लासरूम, कॉरिडोर, प्रवेश एवं निकास द्वार पर सीसीटीवी लगाए गए हैं। वहीं परियोजना के तहत 162 उच्च शैक्षणिक संस्थानों में 5,505 कैमरे लगाए गए। इनमें 21 राजकीय डिग्री/पीजी कॉलेज, 85 सहायता प्राप्त डिग्री/पीजी कॉलेज, 49 वित्त विहीन डिग्री/पीजी कॉलेज और 7 राज्य विश्वविद्यालय शामिल हैं। इसमें क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ एवं लखनऊ विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले महाविद्यालय शामिल नहीं हैं। बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर कोचिंग संस्थानों के लिए जारी की गई गाइड लाइन परियोजना के तहत 17 नगर निगम और गौतमबुद्धनगर के 606 कोचिंग संस्थानों को सीसीटीवी लगाने के लिए चिन्हित किया गया है। इनमें 448 कोचिंग संस्थान 17 नगर निगम और 158 कोचिंग संस्थान गौतमबुद्धनगर के शामिल हैं। वहीं 418 कोचिंग संस्थानों में 866 कैमरे लगाए जा चुके हैं जबकि शेष 188 कोचिंग संस्थानों में कैमरे लगाने की प्रक्रिया जारी है। इन सीसीटीवी कैमरों को नगर विकास विभाग द्वारा स्मार्ट सिटी के कंट्रोल रूम से इंटीग्रेट किया जा रहा है।

## पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क तक 4 लेन सड़क का होगा निर्माण

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**लखनऊ** के मलिहाबाद तहसील स्थित अटारी गांव में योगी सरकार पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल एवं अपैरल पार्क का विकास कर रही है। लगभग 1100 एकड़ के क्षेत्रफल में विकसित की जा रही इस परियोजना को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए सरकार की ओर से अटारी गांव को फोर लेन रोड से जोड़ने की तैयारी है। इसके लिए कई विकल्पों पर विचार किया जा रहा है, जिसमें कम लागत में उच्च गुणवत्तापूर्ण कार्य संपन्न किया जा सके। उल्लेखनीय है कि मेगा टेक्सटाइल और अपैरल पार्क के विकास से 1 लाख युवाओं को रोजगार के साधन उपलब्ध होने की संभावना है। योगी सरकार को इस पार्क में दस हजार करोड़ से अधिक के निवेश की उम्मीद है।

इस पार्क को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए आत्याधुनिक सुविधाओं से भी लैस किए जाने की योजना है।



**फोर लेन परियोजना के लिए कई विकल्पों पर विचार:** योगी सरकार टेक्सटाइल और अपैरल पार्क के जरिए एक ही छत के नीचे व्यापारियों को कपड़ा उद्योग से संबंधित सभी आवश्यकताओं को पूरा करेगी, जिससे उद्योग की लागत कम हो सके। मानकों के अनुसार बुनियादी ढांचा स्थापित किया जाएगा। सीएम योगी के निर्देश पर अटारी फार्म स्थल तक 4 लेन चौड़े मार्ग की अधिकतम उपयोगिता एवं प्रस्तावित परियोजना की कम लागत के विभिन्न विकल्पों पर विचार किया गया। 13 अक्टूबर को प्राप्त दिशा-निर्देशों के क्रम में आउटर रिंग रोड से पीएम मित्र पार्क तक कुल लंबाई 14.280 किमी तथा रैथा अंडरपास से आईआईएम तक कुल लंबाई 8.800 किमी तक कुल 454.34 करोड़ रुपए का आगणन कर मुख्य अभियंता (मध्य क्षेत्र) द्वारा 2 नवंबर को लोक निर्माण विभाग, लखनऊ को प्रेषित किया गया।

**फास्ट न्यूज**

### तीन वर्षीय बच्ची को मिनी बस ने कुचला, मां भी घायल

**जम्मू:** जम्मू की सीमांत तहसील आरएसपुरा में बुधवार को दर्दनाक हादसा हो गया। जम्मू-आरएसपुरा मार्ग पर कुल्लियां क्षेत्र में एक मिनी बस से उतरते हुए तीन वर्षीय की मौत हो गई। इस हादसे में बच्ची की मां भी घायल हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। मां को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जानकारी के अनुसार, आरएसपुरा के कुल्लियां में प्रीति देवी (34 वर्ष) पत्नी तरुण कुमार, निवासी गंड्रू कॉलोनी गुम्मट जम्मू ने अपनी बेटी दिव्यांशी को जैसे ही मिनी बस से नीचे उतरा तो चालक ने वाहन को चला दिया, जिसके चलते दिव्यांशी मिनी बस के पिछले टायर के नीचे आ गई। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में प्रीति देवी के पैरों में चोट लगी है। मौका पाते ही चालक मौके से भाग निकला। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

### पंजाब विसा कवरेज में विपक्ष की अनदेखी, हाईकोर्ट पहुंचा मामला

**चंडीगढ़:** पंजाब विधानसभा कवरेज में विपक्ष की अनदेखी का मामला पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट पहुंच गया है। कांग्रेस नेता और विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। उन्होंने विधानसभा सत्र के दौरान लाइव कवरेज में सिर्फ सरकार और उनके नेताओं को दिखाने और विपक्ष की अनदेखी का आरोप लगाया है। याचिका हाईकोर्ट की रजिस्ट्री में दायर की गई है और इस पर बुधवार को सुनवाई होगी। बाजवा ने याचिका में बताया कि इस सरकार में जब भी विधानसभा सत्र का आयोजन किया जाता है तो इसकी लाइव कवरेज के दौरान पूरा फोकस सरकार और इसके नेताओं पर होता है। विपक्ष के नेताओं और मुद्दों की पूरी तरह से अनदेखी की जाती है। याची ने कहा कि वे जनता के चुने हुए प्रतिनिधि हैं और जनता को पूरा हक है कि वो विधानसभा में अपने प्रतिनिधियों को उनके मुद्दे उठाते हुए देखें। हाई कोर्ट से अपील की गई है कि विधानसभा कवरेज के दौरान सभी को पूरी कवरेज देने का निर्देश जारी किया जाए।

## मांगी थी नौकरी, मिला आटा-दाल-चना; सरकार पर वरुण गांधी का तंज

**टीम एक्शन इंडिया/पीलीभीत** पीलीभीत के सांसद वरुण गांधी ने बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर केंद्र सरकार पर शायराना अंदाज में तंज कसा है। उन्होंने कहा कि तेरी मुहब्बत में हो गए फना, मांगी थी नौकरी, मिला आटा-दाल और चना। अपने संसदीय क्षेत्र में पहुंचे सांसद ने कहा कि आज 90 प्रतिशत नौकरियां संविदा पर लग रही हैं। यानि जब चाहे रख लिया, जब चाहे फेंक दिया। उन्होंने कहा कि एक करोड़ सरकारी नौकरियों के पद खाली हैं। इसलिए खाली हैं, क्योंकि सरकार पैसा बचाना चाहती है। सरकार का काम बिजनेस करना नहीं बल्कि जो कमजोर लोग हैं, उन्हें अपने पैरों पर खड़ा करना है।



गोवा के सीएम प्रमोद सावंत और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर सीबीसी प्रदर्शनी का दीप प्रज्वलित कर उद्घआटन करते हुए।

### पंजाब विसा कवरेज में विपक्ष की अनदेखी, हाईकोर्ट पहुंचा मामला

**चंडीगढ़:** पंजाब विधानसभा कवरेज में विपक्ष की अनदेखी का मामला पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट पहुंच गया है। कांग्रेस नेता और विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। उन्होंने विधानसभा सत्र के दौरान लाइव कवरेज में सिर्फ सरकार और उनके नेताओं को दिखाने और विपक्ष की अनदेखी का आरोप लगाया है। याचिका हाईकोर्ट की रजिस्ट्री में दायर की गई है और इस पर बुधवार को सुनवाई होगी। बाजवा ने याचिका में बताया कि इस सरकार में जब भी विधानसभा सत्र का आयोजन किया जाता है तो इसकी लाइव कवरेज के दौरान पूरा फोकस सरकार और इसके नेताओं पर होता है। विपक्ष के नेताओं और मुद्दों की पूरी तरह से अनदेखी की जाती है। याची ने कहा कि वे जनता के चुने हुए प्रतिनिधि हैं और जनता को पूरा हक है कि वो विधानसभा में अपने प्रतिनिधियों को उनके मुद्दे उठाते हुए देखें। हाई कोर्ट से अपील की गई है कि विधानसभा कवरेज के दौरान सभी को पूरी कवरेज देने का निर्देश जारी किया जाए। अभी यह याचिका हाई कोर्ट के रजिस्ट्री में फाइल की गई है, जिस पर 22 नवंबर को सुनवाई होगी।

## अब 40 देश पंजाब से सीखेंगे सेहत का राज

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**पंजाब में** चल रहे आम आदमी क्लीनिक देखने के लिए अब पूरी दुनिया के 40 देश के प्रतिनिधि पहुंचेंगे, ताकि वह देश भी अपने इलाकों में बढ़िया तरीके से जरूरतमंद लोगों को घरों के पास ही अच्छी सेहत सुविधाएं दे पाएं। यह जानकारी पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री बलवीर सिंह ने मंगलवार को पंजाब भवन में पत्रकारवार्ता में दी। इस दौरान उनके साथ आम आदमी क्लीनिकों को संभालने वाली सेहत विभाग की टीम भी थी। उन्होंने बताया कि नैरोबी में आयोजित समागम में पंजाब के आम आदमी क्लीनिक को बेस्ट क्लीनिक अवार्ड मिला है। उन्होंने बताया कि भारत से सिर्फ इसी क्लीनिक मॉडल को पेश किया गया था।



**स्वास्थ्य सेवाएं**

- 170 आम आदमी क्लीनिक और बनाने की मंजूरी दी गई है। 100 क्लिनिक तैयार हो चुके हैं

**जल्दी ही 170 क्लीनिक खोले जाएंगे:** स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि आम आदमी क्लीनिक लोगों के लिए फायदेमंद साबित हो रहे हैं। खासकर कंडी एरिया में अब नए आम आदमी क्लीनिक खोले जाएंगे। सरकार की तरफ से 170 आम आदमी क्लीनिक और बनाने की मंजूरी दी गई है। इसमें से 100 क्लिनिक तैयार हो चुके हैं जबकि 70 पर जल्दी काम शुरू हो जाएगा। अब तक खुले क्लीनिकों से 78 लाख लोग फायदा उठा चुके हैं। मंत्री ने बताया कि अब सरकार सिविल और सब डिविजनल अस्पताल को मजबूत करने जा रही है। सारे सिविल और सब डिवीजन अस्पताल में सर्जरी तक की सुविधा मिलेगी।




